


THE CANTERVILLE GHOST

कैंटरविल का भूत

कैंटरविल का भूत

मूल रचनाकार

ऑस्कर वायल्ड

हिंदी लेखन

आलोक श्रीवास्तव

आदित्य श्रीवास्तव

आशा श्रीवास्तव

© Alok Srivastava, 2024

© Aditya Srivastava, 2024

© Asha Srivastava, 2024

प्रथम संस्करण :   2024

ऊपर आरक्षित कॉपीराइट के अधीन अधिकारों को सीमित किए बिना, लेखक की पूर्व–लिखित अनुमति के बग़ैर इस प्रकाशन के किसी हिस्से का न ही पुनरूत्पादन किया जा सकता है, न ही किसी माध्यम से [इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या अन्यथा] पुनर्प्राप्ति प्रणाली में संग्रहण, एकत्रण या वितरण किया जा सकता है। यदि कोई भी व्यक्ति इस पुस्तक की सामग्री, टाइटल, डिज़ाइन अथवा मैटर को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से तोड़–मोड कर इस्तेमाल में लाता है तो कानूनी हर्जे–खर्चे व हानि का ज़िम्मेदार वह स्वयं होगा।

बिना लेखक की पूर्व–लिखित अनुमति के, इंटरनेट के माध्यम से या किसी अन्य माध्यम के द्वारा, इस किताब की स्कैनिंग, अपलोड और वितरण गैरकानूनी है और विधि द्वारा दंडनीय है।

किसी भी प्रकार के वाद की स्थिति में, न्याय–क्षेत्र इलाहाबाद होगा।

हमसे संपर्क बनाए रखने के लिए हमारे ऑफिशियल फेसबुक पेज को लाइक करें: https://www.facebook.com/worldclassicsinhindi/

१

जब अमरीकी मिनिस्टर मिस्टर हायरम बी. ओटिस ने *कैंटरविल चेज़*[1] को खरीदा, तो सभी ने उनसे कहा कि वे एक बहुत बेवकूफी का काम कर रहे थे, क्योंकि इसमें बिलकुल भी संदेह नहीं था कि वह जगह भुतहा थी। असल में, लॉर्ड कैंटरविल, जो अत्यंत ईमानदार आदमी थे, जब शर्तों की चर्चा करने के लिए आये, तब उनको यह अपनी खुद की जिम्मेदारी लगी कि यह तथ्य मिस्टर ओटिस को बताएं।

"हमें खुद भी इस जगह पर रहने की इच्छा नहीं हुई," लॉर्ड कैंटरविल ने कहा, "क्योंकि जब मेरी ग्रैंड-आंट[2], जो बोल्टन की गौरवशाली डचेस थीं, रात्रिभोज के लिए कपड़े पहन रही थीं, तो अपने कंधों पर दो कंकाल हाथों के रखे जाने के भय से उनको दौरा आ गया था, जिससे वह कभी भी उबर नहीं पायीं। और मैं आपको यह बताने की बाध्यता महसूस कर रहा हूँ, मिस्टर ओटिस, कि मेरे परिवार के कई जीवित सदस्यों के साथ-साथ कैम्ब्रिज के

---

[1] Chase-आखेट के लिए इस्तेमाल होने वाला जंगली क्षेत्र, जिसमें उसमें स्थित मकान भी शामिल होता है।

[2] Grandaunt-पिता अथवा माता की चाची या मामी

किंग्स कॉलेज के विद्वान रेवरेंड[3] ऑगस्टस डैम्पियर द्वारा भी उस भूत को देखा गया है। डचेस के साथ दुर्भाग्यपूर्ण हादसे के बाद हमारा कोई भी कम-उम्र का नौकर हमारे साथ नहीं ठहरा, और अकसर गलियारे और पुस्तकालय से आने वाले रहस्यमय शोर की वजह से रात में लेडी कैंटरविल[4] बहुत कम ही सो पाती थीं।"

"मेरे लॉर्ड," मिनिस्टर ने जवाब दिया, "मैं साज-सामानों और भूत को एक रकम पर लूँगा। मैं एक आधुनिक देश से आया हूँ, जहाँ हमारे पास वह सबकुछ है, जिसे धन खरीद सकता है। और, यदि यूरोप में भूत जैसी कोई चीज होती तो मेरे हिसाब से ओल्डवर्ल्ड[5] को *लाल रंग में रंगनेवाले*[6] और आपके सभी सर्वश्रेष्ठ अभिनेताओं और प्राइमा-डोनाज़[7] को ले जाने वाले हमारे सारे जोशीले युवा आदमियों द्वारा इस भूत को बहुत थोड़े समय में ही हमारे घर में ले आया गया होता और ये भूत हमारे किसी सार्वजनिक संग्रहालय में अथवा सड़क पर एक नुमाइश की चीज होता।"

"मुझे अफ़सोस है कि भूत होता है," लॉर्ड कैंटरविल ने मुस्कराते हुए कहा, "भले ही वह आपके जोशीले

---

[3] Reverend-गिरजाघर का पुरोहित

[4] मकान बेचने वाले लॉर्ड कैंटरविल की पत्नी।

[5] Old World-पूर्वी गोलार्ध जिसमें यूरोप और समीप के क्षेत्र आते हैं।

[6] जश्न कर रहे हैं और रंगरलियाँ मना रहे हैं। [Idiom: paint the town red]

[7] prima-donnas-ओपेरा अथवा संगीतमय नाटक की प्रमुख गायिका।

इम्प्रेसैरियोस[8] के ओवरचर[9] से अप्रभावित हो[10]। वह तीन शताब्दियों से, असल में 1584 से, विख्यात रहा है और वह हमेशा हमारे परिवार के किसी सदस्य की मौत के पहले खुद को जाहिर करता है।"

"वैसे, उस लिहाज से तो पारिवारिक डॉक्टर भी ऐसा करते हैं, लॉर्ड कैंटरविल। लेकिन श्रीमान, भूत जैसी कोई चीज नहीं होती है, और मुझे लगता है कि ब्रिटिश अभिजात–वर्ग के लिए प्रकृति के नियम नहीं रुकने वाले हैं[11]।"

"आप निश्चित रूप से अमेरिका के बिलकुल अनुरूप हैं," लॉर्ड कैंटरविल ने जवाब दिया, जो मिस्टर ओटिस की *अंतिम बात*[12] को बिलकुल भी समझ नहीं पाए, "और यदि आपको घर में एक भूत से कोई ऐतराज नहीं है, तो ठीक है। केवल आप इतना याद रखिएगा कि मैंने आपको चेतावनी दी थी।"

इसके कुछ हफ़्तों बाद खरीददारी पूरी हो गई और ऋतु के आखिर तक मिनिस्टर और उनका परिवार कैंटरविल चेज़ में चले आये। मिसेज़ ओटिस, जो, वेस्ट 53 डी स्ट्रीट में रहने वाली मिस ल्यूक्रीशिया आर. टैपन के नाम से न्यूयॉर्क की सुंदरी के रूप में विख्यात रह चुकी थी, अब शानदार आँखों और एक उत्तम लोकछवि वाली

---

[8] impresarios-ओपेरा के संचालक या प्रबंधक।

[9] Overtures-ओपेरा के आरंभ में नाटक के लिए माहौल बनाने के लिए बजाया जाने वाला संगीत।

[10] यहाँ लॉर्ड कैंटरविल कह रहे हैं कि भले ही भूत सबके सामने आने से कतरा रहा हो लेकिन भूत सचमुच होता है।

[11] अर्थात जिसकी जब मौत आएगी, तब उसे मरना ही है।

[12] यह कि डॉक्टर भी भूत ही की तरह घर में मृत्यु से पहले नजर आते हैं।

एक आकर्षक, अधेड़–उम्र की महिला थी। कई अमेरिकी महिलायें अपने देश की धरती को छोड़ने के बाद, पुराने रोगी जैसा रुख धारण कर लेती हैं, क्योंकि उनकी राय में यह एक तरह की यूरोपियन तहजीब होती है[13]। लेकिन मिसेज़ ओटिस कभी भी इस ग़लतफ़हमी में नहीं पड़ीं। उसकी शानदार बनावट थी, और वाकई में, अद्भुत मात्रा में इंसानी जोश था। सचमुच, कई लिहाजों से, वह बिलकुल इंग्लिश[14] थी, और उन सभी चीजों की उत्तम मिसाल थी जिनमें हम[15] आजकल अमेरिका जैसे हैं-- सिवाय स्वाभाविक रूप से भाषा के[16]। उनका सबसे बड़ा लड़का, जिसका नाम उसके माता–पिता द्वारा देशभक्ति के क्षण में वाशिंगटन[17] रखा गया था और जिस बात के लिए उसने कभी भी अफ़सोस करना बंद नहीं किया, एक खूबसूरत बालों वाला, काफी सुन्दर नवयुवक था, जिसने लगातार तीन अवसरों पर न्यूपोर्ट कसीनो[18] में जर्मन[19] का नेतृत्व करके खुद को अमेरिकन व्यवहार कुशलता के अनुरूप बना लिया था। और वह लन्दन में भी एक बेहतरीन नर्तक के रूप में विख्यात था। सिर्फ गार्डनेयास[20] और कुलीनता ही उसकी कमजोरी

[13] ज्यादातर अमेरिकी महिलायें इंग्लंड में आने के बाद अपने आपको कुलीन दिखाने के लिए रोगियों जैसा हाव–भाव बना लेती थीं।

[14] इंगलंडवासियों जैसी

[15] ऑस्कर वायल्ड इंग्लंड के निवासी थे।

[16] ब्रिटिश अंग्रेजी और अमेरिकी अंग्रेजी की वर्तनी और उच्चारण शैली में बहुत अंतर हैं।

[17] जॉर्ज वाशिंगटन अमेरिका के पहले राष्ट्रपति थे।

[1818] Newport Casino-अमेरिका के रोह्ड आइलैंड में स्थित एक खेल एवं मनोरंजन का स्थल।

[19] यहाँ जर्मन का आशय एक तरह का नृत्य "German cotillion" से है।

[20] Gardenias-पेड़ और झाड़ी जिनके सफेद या पीले फूल होते हैं

थे[21]। अन्यथा वह बहुत समझदार था। मिस वर्जिनिया ई. ओटिस पंद्रह वर्ष की छोटी बच्ची थी, जो एक हिरण के बच्चे की तरह चंचल और प्यारी थी और उसकी विशाल नीली आँखें विशुद्ध आजादी से युक्त थी। वह एक अद्‌भुत ऐमैजॉन[22] थी और एक बार उसने, अकिलीस[23] की मूर्ति के ठीक सामने, अपने पोनी[24] पर सवार होकर पार्क के दो बार चक्कर लगाने की दौड़ में, बूढ़े लॉर्ड बिल्टन से डेढ़ घोड़ों की लम्बाई जितनी दूरी से जीत हासिल की थी। इससे चेशायर[25] के युवा ड्यूक को बहुत ख़ुशी हुई। उसने उसी स्थान पर वर्जिनिया के सामने विवाह का प्रस्ताव रखा और उसे उसी रात आँसुओं के सैलाब में डूबा हुआ उसके अभिभावकों के पास वापस एटन लौटा दिया गया[26]। वर्जिनिया के बाद, जुड़वा लड़के आते थे, जिन्हें आमतौर पर "द स्टार ऐंड स्ट्राइप्स"[27] बुलाया जाता था, क्योंकि उनकी हमेशा पिटाई होती रहती थी। वे

---

[21] यह उल्लेख अमेरिकन इतिहास के "स्वर्णिम युग" (Gilded Age) के सम्बन्ध में है, जो 1870 से 1900 तक रहा था। अमेरिका के न्यू यॉर्क शहर के में यह रीति थी कि उच्च कुल के आदमी अपने काज (Button Hole) में गार्डनेया के फूल लगाया करते थे। इस प्रथा का उल्लेख एडिथ वार्टन के द्वारा लिखे गए "एज ऑफ़ इनोसेंस" ("Age of Innocence") उपन्यास में भी मिलता है। यहाँ ऑस्कर वायल्ड कह रहे हैं कि वाशिंगटन ऊंचे कुल के लोगों का साथ पसंद करता था।

[22] Amazon-एक महिला योद्धा।

[23] Achilles– होमर द्वारा रचित इलियड (Iliad) में ट्रॉय के युद्ध का नायक, जिसकी मौत एड़ी पर तीर मारे जाने से हुई थी।

[24] Pony-नाटे घोड़े की एक नस्ल।

[25] Cheshire-इंग्लंड के उत्तर पश्चिम में एक जिला।

[26] चेशायर के ड्यूक के विवाह के प्रस्ताव को वर्जिनिया ओटिस ने अस्वीकार कर दिया जिससे वह रोता हुआ बर्कशायर के एटन में अपने माता-पिता के पास चला गया।

[27] The Star and Stripes-सामान्यतः अमरीकी झंडे के लिए इस्तेमाल होने वाला अलंकार परन्तु यहाँ पिटाई से बनने वाली धारियों और निशानों से है।

दिलचस्प लड़के थे, और काबिल मिनिस्टर के अतिरिक्त, सिर्फ वे ही परिवार के सच्चे गणतंत्रवादी थे[28]।

क्योंकि कैंटरविल चेज़ सबसे करीबी रेलवे स्टेशन, ऐस्कट, से सात मील दूर है, मिस्टर ओटिस ने अपने लिए एक छोटी बग्घी मंगवाने के लिए टेलीग्राफ[29] भिजवाया और उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत बड़े जोश से की। वह एक खूबसूरत जुलाई की शाम थी, और हवा पाइन[30] के जंगलों की सुगंध से सुहावनी हो गई थी। रह-रहकर उन्हें जंगली-कबूतर की आवाज सुनाई पड़ती जो अपनी खुद की मधुर आवाज पर विचारमग्न रहता था, या उन्हें झड़झड़ाती फ़र्न[31] की गहराई में फेज़ेंट[32] की चमचमाती छातियाँ दिख जाती थी। जब वे गुजर रहे थे तो नन्ही गिलहरियाँ बीच[33] के पेड़ों से उनकी तरफ ताकने लगीं और खरगोश अपनी सफ़ेद पूँछों को हवा में उठाये, झाड़-झंखाड़ से होते हुए काईदार टीलों के ऊपर तेजी से भाग गए। लेकिन, जब वे कैंटरविल चेज़ के छायादार रास्ते में प्रवेश कर रहे थे, तो आसमान अचानक बादलों से ढँक गया। ऐसा लगता था जैसे वातावरण को एक अजीब स्थिरता ने जकड़ लिया हो। कौवों का एक विशाल समूह उनके सिरों के ऊपर से गुजरा

---

28 परिवार में सिर्फ हायरम ओटिस और वे लड़के ही सही मायनों में गणतंत्रवादी थे।

29 Telegraph-पहले के जमाने में सन्देश भेजने के लिए टेलीग्राफ या तार का इस्तेमाल किया जाता था।

30 Pine-एक प्रकार का सदाबहार पेड़।

31 Fern-एक प्रकार का पौधा

32 Pheasant-एक प्रकार की चिड़िया जिसका आखेट किया जाता था।

33 Beech -हलके सलेटी तने और गाढ़े हरे चिकने अंडाकार पत्तों वाला वृक्ष, जिसपर तिकोने काष्ठफल होते हैं।

और इससे पहले कि वे घर तक पहुँचते, बारिश की कुछ बड़ी बूँदें गिर चुकी थीं।

सीढ़ियों पर उनका स्वागत करने के लिये एक बूढ़ी औरत खड़ी थी, जिसने एक सफ़ेद टोपी और एप्रन[34] के साथ काले रेशम के लिबास को सुव्यवस्थित ढंग से पहन रखा था। यह गृह–प्रबंधिका मिसेज़ अम्ने थी, जिसको मिसेज़ ओटिस ने लेडी कैंटरविल के बहुत अनुरोध पर उसके पूर्व स्थान पर रहने देने की रजामंदी दे दी थी। जब वे गाड़ी से उतर रहे थे, तो मिसेज़ अम्ने ने उन सभी का धीमे–से अभिवादन किया और एक अजीब, पुराने ज़माने के तरीके से कहा, "मैं आपका कैंटरविल चेज़ में स्वागत करती हूँ।" वे उसका अनुसरण करते हुए शानदार *ट्यूडर हॉल*[35] से होकर पुस्तकालय में गए, जो एक लम्बा, नीचा कक्ष था, जिसमें काले शाहबलूत के पल्ले लगे हुए थे, जिसके अंत में विशाल रंगीन कांच वाली खिड़की थी। यहाँ उन्होंने पाया कि उनके लिए चाय का बंदोबस्त किया गया था, और अपने गरम कपड़ों को उतारने के बाद, वे नीचे बैठ गए और इर्दगिर्द देखने लगे, जिस दौरान मिसेज़ अम्ने उनकी खिदमत करने लगी।

अचानक मिसेज़ ओटिस की नजर अँगीठी के बिलकुल बगल की फर्श पर बने एक धुंधले लाल धब्बे पर पड़ी और उस धब्बे के वास्तविक मतलब से बिलकुल अनजान

---

[34] Apron-रसोईघर में काम करते समय अथवा घर की साफ़-सफाई के समय कपड़ों को गंदा होने से बचाने के लिए पहना जाने वाला कपड़ा।

[35] Tudor hall-इंग्लंड में शासन करने वाले ट्यूडर घराने के काल में प्रचलन में आई शिल्पकला शैली के अनुरूप निर्मित हॉल। इस शैली में मेहराबों, अंदरूनी छत पर बने कम गहरी सजावट और दीवारों पर काफी ज्यादा तख़्त और शहतीरों का इस्तेमाल होता है।

होकर, उसने मिसेज़ अम्ने से कहा, "मुझे डर है कि यहाँ पर कुछ गिरा था।"

"जी, मैडम," बूढ़ी गृहप्रबंधिका ने धीमी आवाज में जवाब दिया, "उस जगह पर खून गिरा था।"

"कितनी भयंकर बात है!" मिसेज़ ओटिस चिल्लाई; "मुझे बैठक-कक्ष में खून के धब्बे बिलकुल नहीं चाहिए। इसे फौरन हटाना होगा।"

बूढ़ी औरत मुस्कराई, और उसने उसी धीमी, रहस्यमय आवाज में जवाब दिया, "यह लेडी एलियनोर डी कैंटरविल का खून है, जिनकी 1575 में उनके पति, सर साइमन डी कैंटरविल द्वारा ठीक उसी जगह पर हत्या की गई थी। सर साइमन उसके नौ वर्ष बाद तक जीवित रहे, और अचानक बहुत रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गये। उनकी लाश कभी भी नहीं मिली, लेकिन उनकी गुनहगार रूह अभी भी इस चेज़ में मंडराती है। ये खून के धब्बे, पर्यटकों और अन्य लोगों के बीच, काफी आश्चर्य का विषय रहे हैं और इनको हटाया नहीं जा सकता है।"

"यह सब बकवास है," वाशिंगटन ओटिस चिल्लाया; "*पिंकरटन के चैम्पियन स्टेन रिमूवर* और *पैरागॉन डिटर्जेंट* को इसे साफ़ करने में बिलकुल समय नहीं लगेगा," और इससे पहले की भयभीत गृह-प्रबंधिका हस्तक्षेप कर पाती, वह अपने घुटनों के बल बैठ चुका था और एक काले प्रसाधन जैसी दिखने वाली छोटी स्टिक से फर्श को तेजी से रगड़कर साफ़ करने लगा। कुछ क्षणों में खून-के धब्बे का कोई निशान नहीं देखा जा सकता था।

"मैं जानता था पिंकरटन यह कर लेगा," वह अपने अचंभित परिवार की तरफ सिर घुमाकर देखते हुए विजयोल्लासित स्वर में चिल्लाया; लेकिन जैसे ही उसने ये शब्द कहे, बिजली की एक भयानक चमक ने अंधेरे कमरे को रोशन कर दिया। बिजली की एक खौफनाक गड़गड़ाहट ने उन सभी को चौंकाकर अपने पैरों पर खड़ा कर दिया और मिसेज़ अम्ने मूर्छित हो गई।

"कितना खराब मौसम है!" अमेरिकी मिनिस्टर ने एक लम्बे शरूट[36] को जलाते हुए शांतिपूर्वक कहा। "मुझे लगता है कि ओल्डकंट्री[37] में इतनी ज्यादा जनसंख्या है कि सभी के लिये पर्याप्त अच्छा मौसम नहीं हो सकता है। मेरा हमेशा से ही विचार था कि इंग्लंड के लिए उत्प्रवासन ही अकेली चीज है[38]।"

"मेरे प्रिय हायरम," मिसेज़ ओटिस चिल्लाई, "हम ऐसी औरत का क्या करेंगे, जो बात-बात पर बेहोश हो जाती है?"

"इसपर इसका जुर्माना सामान की तोड़-फोड़ की तरह लगाओ," मिनिस्टर ने जवाब दिया; "फिर यह बेहोश नहीं होगी;" और कुछ क्षणों में मिसेज़ अम्ने बिलकुल होश में आ गई। लेकिन, इसमें कोई शक नहीं था कि वह बहुत परेशान थी, और उसने संजीदगी से

---

[36] Cheroot-एक सिगार जो दोनों तरफ से चौकोर कटा हुआ होता है।

[37] Old country-यूरोप।

[38] अर्थात इंग्लंड का मौसम इतना खराब है कि वहाँ पर वहाँ के निवासियों के लिए भी ठहरना मुश्किल है।

मिस्टर ओटिस को घर पर आने वाली किसी मुसीबत के लिए सावधान रहने की चेतावनी दी।

"मैंने अपनी खुद की आँखों से ऐसी चीजों को देखा है, श्रीमान," वह बोली, "जिनसे किसी भी ईसाई के रोंगटे खड़े हो सकते हैं, और यहाँ पर होने वाली खौफनाक चीजों की वजह से मैं कई सारी रात सोई नहीं हूँ।" लेकिन, मिस्टर ओटिस और उनकी पत्नी ने नेक जीव[39] को उत्साहपूर्वक भरोसा दिलाया कि वे भूतों से नहीं डरते हैं। और फिर, बूढ़ी गृह-प्रबंधिका अपने मालिक और मालकिन के लिए परमात्मा की कृपा की प्रार्थना करने और अपनी तनख्वाह में इजाफे की व्यवस्था करने के बाद, लड़खड़ाती हुई अपने कमरे में चली गई।

[39] मिसेज़ अम्ने

२

उस पूरी रात, आंधी प्रचंडता से अपना प्रकोप दिखाती रही, लेकिन गौर करने लायक कोई भी ख़ास घटना नहीं घटी। लेकिन अगली सुबह, जब वे नाश्ता करने के लिए नीचे आये, तो उन्होंने एक बार फिर से फर्श पर उस खून के भयानक धब्बे को पाया। "मुझे नहीं लगता कि यह *पैरागॉन डिटर्जेंट* की गलती है," वाशिंगटन ने कहा, "क्योंकि मैं इसे हर चीज पर आजमा चुका हूँ। यह भूत की वजह से ही होगा।" इस तरह, उसने उस धब्बे को दूसरी बार मिटाया, लेकिन दूसरी सुबह वह फिर से प्रकट हो गया। तीसरी सुबह भी वह वहाँ था, हालांकि रात में मिस्टर ओटिस ने पुस्तकालय को खुद बंद किया था, और चाबी को अपने साथ ऊपरी मंजिल पर ले गए थे। सारा परिवार अब काफी दिलचस्पी लेने लगा था। मिस्टर ओटिस को यह लगने लगा था कि भूतों के अस्तित्व को नकारने में उन्होंने बहुत ज्यादा कट्टर बर्ताव किया था। मिसेज़ ओटिस ने *साइकिकल सोसाइटी*[40] में शामिल होने की अपनी मंशा जाहिर की और वाशिंगटन ने "अपराध से जुड़े खूनी धब्बों का स्थायित्व" विषय पर *मेसर्स मायर्स और पॉडमोर*[41] के लिए एक लम्बा पत्र तैयार किया। उसी रात रूहानी चीजों के अस्तित्व की वास्तविकता के बारे में उनके सारे संदेह हमेशा के लिए दूर हो गए।

---

[40] Psychical Society-आत्मिक संघ।

[41] Messrs. Myers and Podmore–यह उल्लेख फैंटैज़्म्स ऑव द लिविंग (Phantasms of the living) के लेखकगण फ्रेडरिक मायर्स, एडमंड गर्नी और फ्रैंक पॉडमोर के सन्दर्भ में हैं जिन्होंने अपने दो ग्रंथों में आत्माओं द्वारा इंसानों से संपर्क बनाने की 701 घटनाओं को दर्ज किया था।

दिन हल्का गर्म और धूप वाला गुजरा था; और शाम के शीतल माहौल में, पूरा परिवार गाड़ी में सैर करने बाहर चला गया था। वे नौ बजे तक घर वापस नहीं आये, जिसके बाद उन्होंने हल्का रात का भोजन किया। बातचीत का रुख किसी भी तरह से भूतों की ओर नहीं घूमा। इसलिए वहाँ पर उन 'संवेदी पूर्वाभासों' की वे ख़ास परिस्थितियाँ भी नहीं थी, जो रूहानी घटनाक्रम के दिखने से पहले प्रायः होती हैं। चर्चा के विषय, (क्योंकि ऐसा मुझे मिस्टर ओटिस से पता चला है) केवल ऐसे थे, जैसे उच्च वर्ग के सभ्य अमेरिकी की आम बातचीत के होते हैं। मसलन––बतौर अभिनेत्री साराह बर्नहार्ट[42] की अपेक्षा मिस फैनी डेवनपोर्ट[43] की बेइंतहा श्रेष्ठता; सबसे बेहतरीन इंग्लिश[44] घरों में भी हरे भुट्टे, बकवीट केक[45], और होमिनी[46] को हासिल करने की कठिनाई; दुनिया की चेतना के विकास में बोस्टन[47] का महत्व; रेलवे यात्रा के दौरान सामान की जांच की व्यवस्था के फायदे; और लन्दन की सुस्त–बोली की अपेक्षा न्यूयॉर्क की स्वर–शैली की मधुरता। पारलौकिक चीजों के बारे में बिलकुल भी जिक्र नहीं किया गया, न

---

[42] Sarah Bernhardt (1844-1923) एक फ्रेंच रंगमंच की अदाकारा।

[43] Fanny Davenport (1850-1898) एक एंग्लो-अमेरिकी रंगमंच की अभिनेत्री।

[44] इंग्लैंड के निवासियों के

[45] Buckwheat cake-बकवीट एक तरह का अनाज होता है, जिसका इस्तेमाल यूरोप में जानवरों और घरेलु पक्षियों के लिए चारे के तौर पर किया जाता है। उत्तरी अमेरिका में इससे तैयार होने वाले "बकवीट केक" को स्वादिष्ट नाश्ता माना जाता है।

[46] Hominy-मक्के के दाने से तैयार किया जाने वाला व्यंजन

[47] Boston-उत्तर पूर्वी अमेरिका में मैसाचूसेट्स (Massachusetts) की राजधानी।

ही किसी भी तरह से सर साइमन डी कैंटरविल की ओर संकेत किया गया। ग्यारह बजे, परिवार आराम करने चला गया और साढ़े ग्यारह बजे तक सारी बत्तियाँ बुझ गईं। कुछ समय बाद, मिस्टर ओटिस अपने कमरे के बाहर गलियारे में होने वाले एक अजीब शोर से जाग गये। यह शोर सुनने में धातु की खनखनाहट जैसा था, और हर क्षण करीब आता प्रतीत हो रहा था। वह तुरंत उठ गए, उन्होंने एक माचिस जलाई, और समय को देखा। ठीक एक बज रहे थे। वह बिलकुल शांत थे, और उन्होंने अपनी नब्ज को महसूस किया, जिसमें बुखार के तनिक भी लक्षण नहीं थे। अजीब शोर अभी भी जारी था, और उसके साथ उन्हें पैरों के चलने की आवाज साफ़ सुनाई दी। उन्होंने अपनी चप्पल पहनी, अपने ड्रेसिंग-केस[48] से एक छोटी अंडाकार शीशी निकाली और दरवाजे को खोला। चाँद की पीली रोशनी में, उन्हें अपने ठीक सामने भयानक रूप वाला एक बूढ़ा आदमी दिखा। उसकी आँखें धधकते कोयलों जैसी लाल थीं; उसके लम्बे सफ़ेद बाल, उलझी हुई अलकों में उसके कंधों पर गिरते थे; उसके कपड़े, जो पुरानी बनावट के थे, मैले और फटे-पुराने थे; और उसकी कलाइयों और टखनों से भारी बेड़ियाँ और जंग-लगी जंजीरें लटक रही थीं।

"मेरे प्यारे श्रीमान," मिस्टर ओटिस ने कहा, "मुझे वाकई जोर देना पड़ेगा कि आपको उन जंजीरों पर तेल लगाना चाहिए, और इस काम के लिए मैं आपके लिए *टैमनी राइज़िंग सन लुब्रिकेटर* की एक छोटी शीशी लाया हूँ। कहा जाता है कि इसे एक बार लगाने से पूरा असर

[48] Dressing-case-एक बक्स जिसमें प्रसाधन के औजार रखे जाते हैं।

होता है, और हमारे देश की सबसे प्रसिद्ध महान–हस्तियों के द्वारा इसके रैपर[49] पर इसके कई साक्ष्य दिए गए हैं। मैं यहाँ इसे शयनकक्ष की मोमबत्तियों के पास आपके लिए छोड़ दूंगा, और यदि आपको जरूरत होगी, तो मुझे आपको इसे और ज्यादा मात्रा में देने में ख़ुशी होगी।" यह कहकर यूनाइटेड स्टेट्स के मिनिस्टर ने मार्बल की एक मेज पर वह शीशी रख दी, और अपने दरवाजे को बंद करके, आराम करने चले गए।

कैंटरविल का भूत क्षणभर के लिए स्वाभाविक क्रोध में बिलकुल जड़ होकर खड़ा रहा; फिर उसने बोतल को चमचमाती फर्श पर जोर से पटक दिया और वह खोखली आहें भरते हुए और भयानक हरा प्रकाश छोड़ते हुए गलियारे से होता हुआ भाग गया। लेकिन, जैसे ही वह विशाल शाहबलूत की सीढ़ियों के शीर्ष पर पहुँचा, एक दरवाजा अचानक खुल गया, *दो छोटी सफ़ेद लबादाधारी आकृतियाँ*[50] प्रकट हुयीं, और उसके सिर के ऊपर से एक विशाल तकिया सरसराता हुआ गुजर गया! स्पष्ट रूप से गँवाने के लिए बिलकुल भी समय नहीं था, इसलिए, जल्दी से *अन्तरिक्ष के चौथे आयाम* को पलायन के साधन के रूप में चुनते हुए, वह दीवार की वेन्सकौटिंग[51] से होकर गायब हो गया, और घर बिलकुल शांत हो गया।

---

[49] Wrapper-लपेटा गया कागज

[50] जुड़वा बच्चे जिन्होंने भूत की तरह वेष बना रखा था।

[51] Wainscoting-पहले की जमाने में यूरोपीय देशों में दीवारों के निचले हिस्सों को सीलन से बचाने के लिए घरों की अंदरूनी दीवारों पर शाहबलूत की लकड़ी से तख़्तबंदी की जाती थी। इस तख़्तबंदी को वेन्सकौटिंग कहा जाता है।

इमारत के बाएँ खण्ड के एक छोटे गुप्त कक्ष में पहुँचकर, वह अपनी साँस पर काबू करने के लिए चाँद की रोशनी की ओर झुककर खड़ा हो गया, और अपनी परिस्थिति को समझने की कोशिश करने लगा। अपने तीन सौ सालों के शानदार और अबाधित करियर[52] में, वह कभी भी इतनी बुरी तरह से अपमानित नहीं हुआ था। भूत ने गौरवशाली डचेस के बारे में सोचा, --जो जब अपना हीरों के कंठहार पहनकर आईने के सामने खड़ी थीं, तो उसने उनको डराकर दौरा पड़ा दिया था। उसने उन चार नौकरानियों के बारे में सोचा, -- जिनको उसने एक खाली शयनकक्ष के पर्दों में से सिर्फ दाँत दिखाए थे और उनको रोने का दौरा पड़ गया था। उसने गिरजाघर के पादरी के बारे में सोचा, --जिनकी मोमबत्ती को (जब वह एक रात पुस्तकालय से देर से आ रहे थे) उसने फूँककर बुझा दिया था और जो तब से सर विलियम गल की देख-रेख में है। पादरी पूर्णतया मानसिक असंतुलन के शिकार हो गए थे। और उसने बूढ़ी मैडम डी ट्रेमूइलैक के बारे में सोचा, --जो एक सुबह तड़के जागी और उसने आग के पास एक कंकाल को आराम-कुर्सी पर बैठकर अपनी डायरी पढ़ते देखा। इसके बाद उसको दिमागी बुखार के दौरे की वजह से छह हफ़्तों तक बिस्तर पर कैद रखा गया था, और जब वह पुनः स्वस्थ हुई, तो उसने गिरजाघर से दोस्ती की और उसने कुख्यात अविश्वासी श्रीमान डी वॉल्टेयर[53] से अपना नाता तोड़ लिया। उस

---

[52] Career-बतौर भूत, जीवन व्यतीत करने की विधि।

[53] de Voltaire-फ्रैन्स्वा मैरी अहूऐ (François-Marie Arouet) अट्ठारहवीं शताब्दी के मशहूर फ्रेंच लेखक थे जो कैथलिक चर्च पर अपने तीखे प्रहारों और धर्म के प्रति अविश्वासपूर्ण विचारों के लिए विख्यात थे। इनकी अधिकांश रचनाएं निषिद्ध थीं।

भूत को वह भयानक रात याद आई, -- जब गले में आधी दूरी तक ठूँसे हुए "ईंट के गुलाम" से धूर्त लॉर्ड कैंटरविल[54] को अपने प्रसाधन कक्ष में बेदम पाया गया और उन्होंने मरने से ठीक पहले इस बात को स्वीकारा था कि क्रोकफर्ड[55] के अड्डे पर बिलकुल इसी ताश के पत्ते से उन्होंने चार्ल्स जेम्स फॉक्स से £50,000 की ठगी की थी, और उन्होंने इस बात की भी सौगंध खाई कि भूत ने उनको इस पत्ते को निगलने पर मजबूर किया था। उसे खानसामे (जिसने खिड़की के शीशे पर एक हरे रंग के हाथ को ठकठकाते देखकर खुद को गोली मार ली थी) से लेकर खूबसूरत मैडम स्टटफील्ड (जो अपनी सफ़ेद खाल पर पाँच अँगुलियों द्वारा जलाए जाने के निशान को छिपाने के लिए हमेशा के लिए अपने गले के इर्दगिर्द काले मखमल का पट्टा पहनने पर मजबूर हो गई थी और जिसने आखिर में किंग्स वॉक[56] के अंत में स्थित कार्प-पॉन्ड[57] में खुद को डुबो लिया था) तक की अपनी सारी उपलब्धियाँ फिर याद आ गई। एक सच्चे कलाकार के जोशीले अहंभाव के साथ, वह अपने सबसे गौरवशाली प्रदर्शनों का मनोविश्लेषण करने लगा और बतौर "रेड रूबेन या दम-घुटे बच्चे" के अपने *आखिरी प्रदर्शन* को याद करके-- बतौर "बेक्सली मूर के रक्त-पिपासु, गुएंट गिबियन" के अपने *पहले प्रदर्शन* को याद करके--और एक

---

[54] कैंटरविल चेज़ को बेचने वाले लॉर्ड कैंटरविल के पूर्वज और संभवतः कैंटरविल के भूत के वंशज।

[55] Crockford-लन्दन में सेंट जेम्स स्ट्रीट में स्थापित किया गया जुए का अड्डा।

[56] King's walk-लन्दन में एक मार्ग का नाम।

[57] Carp-pond-ताजे पानी में रहने वाली कार्प मछली का तालाब।

खूबसूरत शाम अपनी खुद की हड्डियों द्वारा लॉन–टेनिस[58] के मैदान में सिर्फ नाइन–पिन्स[59] खेलकर अपने द्वारा उत्तेजित किये गए *हंगामे* मन में याद करके खुद पर कड़वाहट से मुस्कराया। और इस सब के बाद कुछ घटिया आधुनिक अमेरिकी आए और उसे 'राइजिंग सन ल्युब्रिकेटर' देने लगे और उसके सिर पर तकिए फेंकने लगे! यह बिलकुल असहनीय था। इसके अलावा, इतिहास में कभी भी किसी भी भूत के साथ ऐसा बर्ताव नहीं किया गया था। इसलिए उसने बदला लेने का निश्चय किया और वह सुबह होने तक गहरी सोच की मुद्रा में बना रहा।

[58] Lawn-tennis-मैदान में खेले जाने वाले टेनिस के खेल को पहले लॉन टेनिस कहा जाता था। अब इसे सिर्फ टेनिस कहा जाता है।
[59] Nine-pins-बोलिंग (bowling) का खेल जिसमें एक गेंद को लुढ़का कर नौ खड़ी लकड़ी की पिन को गिराया जाता है।

३

अगली सुबह, जब ओटिस परिवार नाश्ते के वक्त मिला, तो उन लोगों ने कुछ देर तक भूत की चर्चा की। यूनाइटेड स्टेट्स के मिनिस्टर यह जानकर स्वाभाविक रूप से थोड़े चिढ़ गए थे कि उनके तोहफे को स्वीकारा नहीं गया था। "मेरा कोई इरादा नहीं है," उन्होंने कहा, "कि भूत को कोई व्यक्तिगत क्षति पहुंचे, और उसके द्वारा इस मकान में बिताए गए वक्त को ध्यान में रखते हुए मुझे यह कहना पड़ेगा कि मुझे नहीं लगता है कि उसकी ओर तकिये फेंकना बिलकुल भी शालीन है,"--यह एक बिलकुल उचित टिप्पणी थी, जिसपर, मुझे यह कहते हुए अफसोस हो रहा है, जुड़वा बच्चे हँसी के ठहाके लगाने लगे। "दूसरी तरफ," उन्होंने कहना जारी रखा, "यदि वह वाकई राइजिंग सन लुब्रिकेटर का इस्तेमाल करने से इनकार करता है, तो हमें उससे उसकी जंजीरों को छीन लेना होगा। शयनकक्षों के बाहर ऐसे शोरगुल से, नींद बिलकुल असंभव हो जाएगी।"

हालांकि बाकी के सप्ताह, उन्हें परेशान नहीं किया गया। पुस्तकालय की फर्श पर लगातार होने वाला खून के धब्बे का नवीनीकरण ही एकमात्र ऐसी चीज थी, जो कुछ ध्यान आकर्षित करती थी। यह निश्चित रूप से बहुत अजीब था, क्योंकि रात को मिस्टर ओटिस द्वारा दरवाजे को हमेशा तालाबंद रखा जाता था, और खिड़कियों पर कसकर सिटकिनी लगाई जाती थी। धब्बे का गिरगिट जैसा परिवर्तनशील रंग भी काफी ज्यादा चर्चा की वजह बनता था। कुछ सुबहों पर यह फीका (लगभग

इन्डियन[60]) लाल होता, फिर यह सिंदूरी रंग का हो जाता, फिर भड़कीले बैंगनी रंग का होता, और जब एक बार वे "फ्री अमेरिकन रिफॉर्म्ड एपिकोपलियन चर्च"[61] की सरल रीतियों के अनुसार पारिवारिक प्रार्थना के लिए नीचे आये, तो उन्होंने उसे चमकीली हरित-मणि जैसे हरे रंग का पाया। तेजी से होने वाले इन परिवर्तनों ने स्वाभाविक रूप से टोली का बहुत ज्यादा मनोरंजन किया, और हर शाम इस मुद्दे पर खुलकर शर्तें लगाई जाने लगीं। केवल छोटी वर्जिनिया ही इकलौती व्यक्ति थी जो इस मजाक में शामिल नहीं हुई थी। वह किसी अस्पष्ट कारण से, खून के धब्बों को देखकर हमेशा बहुत ज्यादा परेशान हो जाया करती थी, और जिस सुबह यह धब्बा हरित-मणि जैसा हरा हो गया, वह तकरीबन चीख ही पड़ी।

दूसरी बार वह भूत रविवार की रात को दिखा। बिस्तर पर जाने के थोड़ी देर बाद, हॉल में एक भयावह टक्कर की आवाज से वे अचानक चौंक गए। भागकर नीचे जाने पर उन्होंने पाया कि प्राचीन कवच का एक विशाल पहनावा अपने स्टैंड से अलग हो गया था और पत्थर की फर्श पर गिर गया था, जबकि कैंटरविल का भूत ऊँची-पीठ वाली कुर्सी पर अपने घुटनों को रगड़ते हुए और अपने चेहरे पर तेज पीड़ा के भाव लिए बैठा हुआ था। जुड़वा बच्चे अपने साथ पी-शूटर्स[62] लेकर आये थे और उन्होंने तुरंत दो गोलियाँ दागी, जिनका निशाना इतना सटीक

[60] Indian-अमरीकी मूलनिवासियों जैसे लाल रंग का।

[61] Free American Reformed Episcopalian Church-आजाद अमेरिकी संशोधित बिशपतंत्री गिरजाघर।

[62] Pea-shooters-फूंकनी जिससे मुंह से फूंककर दाने मारे जाते हैं।

था कि उसे केवल किसी राइटिंग–मास्टर[63] पर किये गए लम्बे और सावधान अभ्यास से पाया जा सकता है[64]। जबकि यूनाइटेड स्टेट्स के मिनिस्टर ने उसे अपने रिवाल्वर से घेर लिया, और उन्होंने अपनी कैलीफोर्नियन[65] तहजीब के अनुरूप, उससे अपने हाथों को ऊपर करने के लिए कहा! क्रोध से बेकाबू होकर चीखते हुए भूत अचानक उठा और उनके पास से धुंध की तरह सरकते हुए गुजरा। जब वह गुजरा तो वाशिंगटन ओटिस की मोमबत्तियाँ बुझ गई और वे सभी बिलकुल अंधकार में रह गए। सीढ़ियों के ऊपर पहुँचने पर उसने खुद को सँभाला और राक्षसी हँसी वाली प्रसिद्ध अट्टहास देने का निश्चय किया। उसने इसे एक से ज्यादा मौकों पर अत्यंत उपयोगी पाया था। इस अट्टहास के बारे में कहा जाता था कि इसने लॉर्ड रेकर के विग[66] को एक ही रात में सफ़ेद बाल वाला बना दिया था और इसमें कोई शक नहीं है कि इसने लेडी कैंटरविल की तीन फ्रेंच गवर्नेसेज़[67] को उनका महीना बीतने से पहले ही चेतावनी देने पर मजबूर कर दिया था[68]। इसलिए वह अपनी सबसे भयानक हँसी हँसता रहा जब तक कि प्राचीन मेहराबी छत से बार–बार इसकी गूँज नहीं आने लगी। लेकिन, मुश्किल से वह भयावह प्रतिध्वनि धीमी पड़ी थी, जब एक दरवाजा खुला, और मिसेज़ ओटिस एक हलके नीले

[63] Writing-master-लिखावट और लेखन-शैली का अध्यापक

[64] जब अध्यापक पढ़ा रहा होता और उसकी पीठ घूमी होती तो जुड़वा बच्चे फूंकनी से उसपर गोली दागा करते थे।

[65] Californian-अमेरिका के कैलीफोर्निया से जुड़ी हुई

[66] Wig-नकली बाल

[67] Governess-एक महिला जिसे बच्चों के लालन-पालन एवं शिक्षा के लिए घर पर नौकरी दी गई हो।

[68] कि वे नौकरी छोड़कर जा रही हैं

ड्रेसिंग–गाउन में बाहर आईं। "मुझे यह कहते हुए अफ़सोस हो रहा है कि तुम बिलकुल स्वस्थ नहीं हो," उसने कहा, "और मैं तुम्हारे लिए 'डॉक्टर डोबेल की टिंक्चर'[69] की बोतल लाई हूँ। यदि तुम्हें बदहजमी है, तो तुम्हें यह एक बहुत बढ़िया दवाई लगेगी।" भूत ने गुस्से से उसे घूरा, और तुरंत खुद को एक विशाल काले कुत्ते में तबदील करने की तैयारी करने लगा। यह एक ऐसी उपलब्धि थी जिसके लिए वह हाल में ही प्रसिद्ध हुआ था और जिसे परिवार के डॉक्टर हमेशा लॉर्ड कैंटरविल के अंकल माननीय टॉमस हौर्टन की स्थाई विक्षिप्तता की वजह बताया करते थे। लेकिन समीप आती क़दमों की आवाज ने उसे अपने नीच मकसद में संकोच करने पर मजबूर कर दिया, इसलिए उसे खुद को हल्का फ़ॉसफोरेसेंट[70] बना कर संतोष करना पड़ा और जैसे ही जुड़वा बच्चे उस तक पहुंचे, वह गिरजाघर के कब्रिस्तान से आने वाली गहरी आह की आवाज के साथ गायब हो गया।

वह अपने कमरे में पहुंचकर पूरी तरह टूट गया, और बहुत भीषण उत्तेजना का शिकार हो गया। जुड़वा बच्चों की फूहड़ता, और मिसेज़ ओटिस का भद्दा भौतिकतावाद[71] स्वाभाविक रूप से बहुत खिजाने वाले थे। लेकिन जिस बात ने उसे सबसे ज्यादा परेशान किया था, वह था कवच के पहनावे को न पहन पाना। उसने आशा की थी कि कवच में भूत को देखकर आधुनिक अमेरिकी भी थर्रा जायेंगे। यदि वे किसी और तर्कसंगत

[69] Tincture-एक तरह की दवाई।

[70] Phosphorescent-अँधेरे में बिना ऊष्मा पैदा किये चमकने वाला

[71] क्योंकि मिसेज़ ओटिस एक आत्मा को दवाई पिलाने की बात कर रही थीं।

वजह से ऐसा नहीं करेंगे, तो कम–से–कम अपने प्राकृतिक कवि लॉन्गफेलो[72] (जिनकी मनोहर और आकर्षक कविताओं के साथ वह भूत खुद भी कई उबाऊ घड़ियों को बिताया करता था, जब कैंटरविल परिवार कस्बे में होता था) के प्रति सम्मान की खातिर ऐसा करेंगे। इसके अलावा यह उसका खुद का पहनावा था। उसने इसे केनिलवर्थ[73] खेल प्रतियोगिता में पहनकर बहुत सफलता पाई थी और कुंवारी महारानी जैसी महान हस्ती से भारी प्रशंसा पाई थी। फिर भी जब उसने उसे पहना, तो वह विशाल ब्रेस्टप्लेट[74] और इस्पाती कास्क[75] से पूरी तरह दब गया था, और वह पथरीले पथ पर कसकर गिर गया, जिससे उसके दोनों घुटने बुरी तरह से छिल गए थे और उसकी दाहिने हाथ की अँगुलियों की गाँठें चोटिल हो गई थीं।

इसके बाद कुछ दिनों तक वह बुरी तरह बीमार रहा और खून के धब्बे को फर्श पर अच्छे से बहाल करने के अतिरिक्त, अपने कमरे के बाहर शायद ही निकलता था। हालांकि खुद की अच्छी देखभाल करने से वह फिर से स्वस्थ हो गया, और उसने यूनाइटेड स्टेट्स के मिनिस्टर और उसके परिवार को डराने की तीसरी कोशिश करने का निश्चय किया। उसने शुक्रवार, 17 अगस्त को अपने

---

[72] Longfellow-हेनरी वैड्सवर्थ लॉन्गफेलो (Henry Wadsworth Longfellow) एक अमेरिकी कवि थे, जिन्होंने भूत और परालौकिक चीजों से सम्बंधित कई कवितायें लिखी थीं।

[73] Kenilworth-इंग्लंड के वारविकशायर (Warwickshire) में एक कस्बे का नाम, जहाँ महारानी एलिज़ाबेथ प्रथम के काल में तमाशे, प्रतिस्पर्धाएं और प्रीतिभोज आयोजित किये जाते थे।

[74] Breastplate-पुराने जमाने में योद्धाओं द्वारा छाती पर पहना जाने वाला कवच।

[75] Casque-योद्धाओं द्वारा पहना जाने वाला हेलमेट अथवा शिरस्त्राण।

प्रकट होने के दिन के रूप में चुना और उस दिन उसने अपना ज्यादातर समय अपने वस्त्रागार को देखते हुए बिताया। आखिर में, उसने लाल पंख वाली बड़ी स्लाउच्ड हैट[76], कलाइयों और गले पर झालर वाले कफन और एक जंग-लगी कटार को अपने लिबास के रूप में चुना। शाम के करीब, एक भीषण बारिश वाली आंधी आई और हवा इतनी तेज थी कि प्राचीन घर की सारी खिड़कियाँ और दरवाजे हिलने और खड़खड़ाने लगे। वास्तव में, वह भूत बिलकुल ऐसे ही मौसम को पसंद करता था। उसने अपने काम को अंजाम देने की यह योजना बनाई थी: वह चुपचाप वाशिंगटन ओटिस के कमरे में जाता, बिस्तर के नीचे से उसकी तरफ बड़बड़ाता, और धीमे स्वर की आवाज करने के लिए खुद को तीन बार गले में मारता। वह वाशिंगटन को खासतौर से नापसंद करता था, क्योंकि वह अच्छे-से जानता था कि यह वही था जिसको पिंकरटन के पैरागॉन डिटर्जेंट से विख्यात कैंटरविल के खून के धब्बे को हटाने की आदत थी। इस बेफिक्र और गुस्ताख नवयुवक को खौफनाक दहशत की अवस्था में दुबकने पर मजबूर करने के बाद, वह यूनाइटेड स्टेट्स के मिनिस्टर और उनकी पत्नी के कमरे में जाने वाला था और मिसेज़ ओटिस के माथे पर एक चिपचिपे हाथ को रखने वाला था, जिसके साथ-साथ वह उसके डर से कंपकंपाते पति के कानों में इस भुतहे-घर के भयानक रहस्यों की कानाफूसी करने वाला था। उसने छोटी वर्जिनिया के बारे में अपना मन पूरी तरह से नहीं बनाया था। उसने कभी भी किसी तरह

[76] Slouched hat-चौड़े किनारे वाली नर्म हैट जिसका किनारा मोड़ा जा सकता है।

से उसकी तौहीन नहीं की थी और वह खूबसूरत और शरीफ थी। उसने सोचा कि वर्जिनिया को वस्त्रागार में से केवल कुछ खोखली आहें सुनाना ही काफी होगा, या यदि वह इससे नहीं जागी तो वह पलंगपोश में से मिर्गी–जैसे झटकों वाली अँगुलियाँ निकालकर वर्जिनिया को पकड़ लेगा। रहा सवाल जुड़वा बच्चों का, तो वह उन्हें सबक सिखाने के लिए बिलकुल दृढ़ था। निश्चित रूप से, वह पहले काम के रूप में उनकी छातियों पर बैठने वाला था, जिससे उन्हें डरावने सपने जैसा दम घुटने वाला एहसास हो। इसके बाद, चूँकि उनके बिस्तर बिलकुल अगल–बगल थे, वह उनके बीच में एक हरी, बर्फ–जैसी सर्द लाश के रूप में खड़ा होने वाला था, जब तक कि वे भय से जड़ न हो जाते। और आखिर में, वह कफन की चादर को फेंकने वाला था और कमरे में चारों तरफ "मूक डेनियल या आत्मघाती के कंकाल" के किरदार में सफ़ेद, बेरंग हड्डियों और एक लुढ़कती आँख के गोले के साथ रेंगने वाला था। यह एक ऐसा किरदार था जिससे वह एक से ज्यादा अवसरों में उसने असाधारण असर पैदा किया था और जिसे वह अपने "उन्मत्त मार्टिन या रहस्यमय नकाबपोश" के प्रसिद्ध किरदार के बिलकुल समतुल्य समझता था।

साढ़े दस बजे उसने परिवार को बिस्तर पर जाते सुना। वह कुछ समय तक जुड़वा बच्चों की हँसी की बेकाबू शोर से परेशान रहा, जो स्पष्ट रूप से स्कूल के लड़कों जैसी खुश–मिजाज मस्ती से आराम करने के लिए जाने से पहले, अपना मनोरंजन कर रहे थे। लेकिन सवा ग्यारह बजे सब कुछ सब कुछ स्थिर हो गया और जब मध्यरात्रि के घंटे की आवाज हुई, तो वह निकल पड़ा। उल्लू खिड़की

के पल्लों को खटखटा रहा था, कौवा प्राचीन यू[77] के पेड़ से काँव-काँव की आवाज कर रहा था और हवा एक भटकती आत्मा की तरह कराहते हुए घर में चारों ओर घूम रही थी। लेकिन ओटिस परिवार अपनी बर्बादी से अनजान होकर सो रहा था, और वह भूत बारिश और तूफ़ान के शोर से बहुत ऊंची आवाज में यूनाइटेड स्टेट्स के मिनिस्टर के लगातार खर्राटों को सुन सकता था। वह अपने क्रूर, झुर्रीदार मुख पर एक कुटिल मुस्कान लिए वेन्सकोटिंग से चुपके से बाहर निकला, और जब वह चुपके से विशाल ओरियल[78] खिड़की को पार कर रहा था, चाँद ने अपना चेहरा बादलों में छिपा लिया, जहाँ खुद उसके और उसकी कत्ल की गई पत्नी के कुलचिह्न को आसमानी नीले और सुनहरे रंग से दिखाया गया था। धीरे-धीरे वह एक दुष्ट साए की तरह उड़ता गया। जब वह गुजर रहा था तो अंधेरा खुद उससे घृणा करता लग रहा था। एक बार उसे लगा जैसे उसने किसी चीज की पुकार को सुना हो, और वह रुक गया; लेकिन यह केवल 'रेड फार्म' से एक कुत्ते के भौंकने की आवाज थी, और वह सोलहवीं शताब्दी के अजीब गालियाँ बकते हुए आगे बढ़ता गया, और आधी रात की हवा में रह-रहकर अपनी जंग-लगी कटार को भाँजता रहा। आखिर में, वह गलियारे के उस कोने पर पहुँचा जो बदकिस्मत वाशिंगटन के कमरे की ओर ले जाता था। वह वहाँ एक क्षण के लिए रुका। हवा उसके लम्बे सफ़ेद बालों की लटों को उसके सिर के चारों ओर उड़ा रही थी और अकथनीय

[77] Yew-एक तरह का सदाबहार पेड़।

[78] Oriel-बालकनी अथवा पोर्च की

खौफ पैदा करने वाले लाश के कफन[79] को अनोखी और असाधारण सिलवटों में मोड़ रही थी। फिर घड़ी ने सवा-बारह होने की आवाज की और उसे लगा कि वक्त आ चुका था। वह अपने मन में खिलखिलाया, और एक कोने पर मुड़ गया। लेकिन जैसे ही उसने ऐसा किया, वह खौफ से दयनीय ढंग से चिल्लाते हुए पीछे ठिठक गया, और उसने अपने बेरंग चेहरे को अपने लम्बे, हड्डीदार हाथों में छिपा लिया। उसके ठीक सामने भयानक भुतहा आकृति खड़ी थी, जो एक तराशी हुई प्रतिमा की तरह स्थिर और एक पागल आदमी के ख्वाब की तरह हैवानी थी! उसका सिर गंजा और चमकदार था; उसका चेहरा गोल, मोटा और सफ़ेद था और ऐसा लगता था कि उसकी खौफनाक हँसी ने उसकी मुखाकृति को ऐंठकर एक चिरस्थाई खीस में बदल दिया हो। आँखों से गहरे लाल रंग की रोशनी की किरणें बह रही थीं और मुँह आग के चौड़े कुएँ जैसा था और खुद कैंटरविल के भूत जैसा एक डरावने कपड़ा, उस भीमकाय आकृति को खामोशी से लपेटकर सफेदी देता था। उसकी छाती पर प्राचीन अक्षरों की अजीब लिपि में एक इश्तिहार लगा था। ऐसा लगता था जैसे वह कोई बदनामी का चिट्ठा था--किसी घनघोर पाप की तहरीर था--किसी अपराध की खौफनाक सूची थी, और उस भुतहा आकृति ने अपने दाहिने हाथ में एक चमचमाते इस्पात की तलवार ऊंची कर रखी थी।

पहले कभी किसी भी भूत को न देखने की वजह से कैंटरविल का भूत स्वाभाविक रूप से बुरी तरह से डर गया था, और एक बार फिर से उस भयानक भुतहा

---

[79] जैसा पहले बताया जा चुका है, भूत ने कलाइयों और गले पर झालर वाला कफन पहन रखा था।

आकृति पर जल्दी से सरसरी निगाह डालने के बाद, वह वापस अपने कमरे की ओर भागा। गलियारे से नीचे भागते हुए वह अपने लम्बे कफन में उलझकर गिर पड़ा और आखिर में उसकी जंग-लगी कटार मिनिस्टर के जैक-बूट[80] में गिर गई, जहाँ वह अगली सुबह खानसामे को मिली। जब वह अपने कमरे के एकांत में पहुँचा, उसने खुद को एक छोटे से पैलेट-बेड[81] पर पटक लिया और अपने चेहरे को कपड़ों के नीचे छिपा लिया। लेकिन कुछ समय बाद, बहादुर बूढ़े कैंटरविल के भूत ने खुद को मजबूत किया और सुबह होते ही जाकर दूसरे भूत से बात करने का निश्चय किया। इसलिए जैसे ही सुबह की चाँदी-सी चमक पहाड़ियों को स्पर्श करने लगी, वह इस विचार के साथ उस जगह (जहाँ उसने पहली बार खौफनाक भूत पर नजर डाली थी) पर लौटा कि एक भूत से बेहतर दो भूत होते हैं, और यह कि अपने नए दोस्त की मदद से वह जुड़वा बच्चों से कुशलतापूर्वक भिड़ सकेगा। किन्तु उस जगह पर पहुँचने पर, उसने एक भयानक दृश्य देखा। प्रकटतः उस भूत को कुछ हो गया था, क्योंकि उसकी खोखली आँखों से रोशनी बिलकुल फीकी हो गई थी, उसके हाथ से चमचमाती तलवार गिर गई थी, और वह एक बेढंगी और असुविधाजनक मुद्रा में दीवार के सहारे खड़ा था। वह तेजी से आगे बढ़ा और उसने उस भुतहा आकृति को अपनी भुजाओं में पकड़ लिया, जिसके बाद वह उस भुतहा आकृति के सिर के फिसलने और फर्श पर लुढ़कने से आतंकित हो गया। उस

---

[80] Jack-boot-घुटनों तक लम्बा चमकीला बूट जिसे 17वीं और 18वीं शताब्दी में द्वारा पहना जाता था।

[81] Pallet-bed-छोटा और सख्त पलंग जिसके पटरों के बीच में अन्तराल होता है।

भुतहा आकृति का शरीर गिर पड़ा और कैंटरविल के भूत ने खुद को एक लम्बी झाड़ू, एक रसोईघर के छूरे और अपने पैरों के पास पड़े एक खोखले शलजम के साथ बेड-कर्टेन[82] वाली सफ़ेद डिमटी[83] को पकड़े हुए पाया! वह इस अनोखे परिवर्तन को समझने में असमर्थ था, और इसलिए उसने बावलेपन जैसी जल्दीबाजी में इश्तिहार को उठाया और वहाँ उसने सुबह की धूसर रोशनी में इन भयावह शब्दों को पढ़ा:--

+-----------------------------------+

| ये ओटिस के भूत हैं |

| सिर्फ ये ही असली और वास्तविक भूत हैं |

| इनके नक्कालों से सावधान रहें |

| अन्य सभी नकली हैं |

+-----------------------------------+

पूरी घटना उसके दिमाग में कौंध गई। उसे छला गया था, नाकाम किया गया था और मात दी गई थी! उसकी आँखों में बूढ़े कैंटरविल के भाव आ गए; वह अपने बिना दांतों वाले मसूड़ों को एकसाथ रगड़ने लगा[84]; और उसने अपने मुरझाये हाथों को अपने सिर के ऊपर उठाया, और पुराने-जमाने की तस्वीर-जैसी भाषा-शैली से सौगंध

---

[82] Bed-curtain-पहले के ज़माने में कुलीन-घरानों में बिस्तरों के इर्दगिर्द परदे लगे होते थे।

[83] Dimity-एक प्रकार का मजबूत सूती कपड़ा।

[84] क्योंकि उसके पास दाँत पीसने के लिए दाँत नहीं थे।

खाई कि *जब मुर्गा दो बार अपनी तीखी बाँग देगा, खून के काम को अंजाम दिया जाएगा, और हत्या खामोश चाल से हर तरफ टहलेगी।*

मुश्किल से उसने अपनी यह डरावनी सौगंध खाई थी, जब दूर किसी घर की लाल-खपरैल वाली छत से एक मुर्गे ने बाँग दी। वह एक लम्बी, धीमी, कड़वी हँसी हँसा और इंतजार करने लगा। कई घंटों तक वह इंतजार करता रहा, लेकिन किसी अनजान वजह से उस मुर्गे ने फिर से बाँग नहीं दी। आखिर में, साढ़े सात बजे नौकरानियों के आने की वजह से उसे अपनी खौफनाक सजगता को छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा, और वह अपनी व्यर्थ की सौगंध और नाकाम मकसद के बारे में सोचते हुए चुपचाप अपने कमरे में वापस चला गया। वहाँ उसने पुराने जमाने की शूरवीरता से सम्बंधित कई किताबों का अध्ययन किया, जिसको वह बहुत ज्यादा पसंद करता था, और उसने पाया कि जिस भी अवसर पर यह सौगंध खाई गई थी, मुर्गा हमेशा दूसरी बार बोला करता था।

"नरक में जाए वह दुष्ट पक्षी," वह बुदबुदाया, " मैंने उस दिन को देख सकता हूँ जब मैं उस मुर्गे के गले को अपने मजबूत भाले से भोंक दूंगा और उसे अपने लिए ऐसे बाँगने पर मजबूर कर दूंगा जैसे वह मर रहा हो!" फिर वह सीसे के एक आरामदायक ताबूत में चला गया, और शाम होने तक वहीं पर रहा।

४

अगले दिन भूत बहुत कमजोर और थका हुआ था। विगत चार हफ़्तों की भयानक हलचल ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया था। उसकी हिम्मत बिलकुल टूट चुकी थी, और वह बिलकुल हलके-से शोर पर भी चौंक जाता था। पाँच दिनों तक वह अपने कमरे में रहा, और आखिर में उसने अपना मन बना लिया कि वह पुस्तकालय की फर्श पर खून के धब्बे वाली जगह को छोड़ देगा। अगर ओटिस परिवार उस धब्बे को नहीं चाहता था, तो साफ़ तौर पर वे लोग उसके लायक नहीं थे। वे लोग स्पष्ट रूप से ऐसे थे जो अस्तित्व के निम्न, भौतिक स्तर पर थे, और संतुष्टि देने वाली घटना[85] के प्रतीकात्मक महत्व को आंकने में बिलकुल असमर्थ थे। रहा सवाल रूहानी प्रेतच्छायाओं और पारलौकिक शरीरों को बनाने का, तो यह निश्चित रूप से बिलकुल अलग मामला था, और वाकई में उसके काबू में नहीं था। यह उसकी ख़ास जिम्मेदारी थी कि वह हफ्ते में एक बार गलियारे में प्रकट हो, और हर महीने के पहले और तीसरे बुधवार को विशाल ओरियल खिड़की से बड़बड़ाए, और वह नहीं समझ पा रहा था कि वह कैसे प्रतिष्ठापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों से भाग सकता है। यह बिलकुल सच था कि उसने बहुत पापपूर्ण जिंदगी बिताई थी, लेकिन दूसरी तरफ, वह अलौकिकता से जुड़ी सभी चीजों के प्रति बहुत ईमानदार था। इसलिए, अगले तीन शनिवार, आधी रात और तीन बजे के बीच, वह इस बात की हर संभव सावधानी बरतते हुए गलियारे से गुजरा कि वह सुनाई अथवा दिखाई न पड़े। वह अपने बूट्स को उतार दिया करता था और जितना

[85] क्योंकि भूत को उस खून के निशान से संतुष्टि मिलती थी

संभव होता उतने हलके से प्राचीन कीड़े–लगे तख्तों पर चलता था, काले–रंग के मखमल का बड़ा लबादा पहनता था, और अपनी बेड़ियों को *राइजिंग सन लुब्रिकेटर* से चिकना करना लगाना याद रखता था। मैं यह मानने के लिए बाध्य हूँ कि उसे अपनी सुरक्षा के इस आखिरी तरीके को अपनाने के लिए खुद को राज़ी करने में अच्छी–खासी मुश्किल हुई। लेकिन, जब एक रात ओटिस परिवार रात का भोजन कर रहा था, तब वह चुपके मिस्टर ओटिस के शयनकक्ष में गया और राइजिंग सन लुब्रिकेटर की बोतल उठाकर ले गया। पहले उसे थोड़ी जिल्लत महसूस हुई, लेकिन बाद में वह इतना समझदार था कि वह देख सकता था कि *आविष्कार*[86] के बारे में बहुत अच्छी बातें कही जा सकती थीं, और कुछ हद तक, इससे उसका काम चल जाता था। फिर भी, सभी चीजों के बावजूद उसे तंग करना नहीं छोड़ा गया। गलियारे भर में डोरियों को लगातार फैलाया जाता था, जिनमें वह अकसर अँधेरे में उलझकर गिर जाया करता था, और एक अवसर पर, जब उसने "काले आइसैक या होगली जंगलों के शिकारी" के किरदार का लिबास पहन रखा था, तब वह उस बटर–स्लाइड[87] पर पाँव रखकर बुरी तरह गिर गया, जिसको जुड़वा बच्चों ने *टेपेस्ट्री चेम्बर*[88] के प्रवेशद्वार से शाहबलूत की सीढ़ियों के ऊपर तक बनाया था। इस आखिरी अपमान ने उसको इतना क्रोधित कर दिया कि उसने निश्चय किया कि वह

[86] राइजिंग सन लुब्रिकेटर

[87] Butter-slide-मक्खन लगी फर्श जिसपर लोग पाँव रखकर फिसल जाते हैं।

[88] Tapestry Chamber-पहले के जमाने के कुलीन लोगों के घरों में ऐसे कक्ष होते थे जिनमें चित्रों वाले परदे लगे होते थे।

अपनी शोहरत और सामाजिक ओहदे को दिखाने की आखिरी कोशिश करेगा, और उसने संकल्प किया कि अगली रात वह उन गुस्ताख युवा एटनियंस[89] से अपने "लापरवाह रुपर्ट, या सिरकटे अर्ल" के प्रख्यात किरदार के रूप में मिलेगा।

वह पिछले सत्तर वर्षों से अधिक समय से इस वेष में नहीं दिखा था; असल में, वह तब से इस वेष में नहीं दिखा था, जब उसने खूबसूरत मोहतरमा बारबेरा मोडिश को इतना डरा दिया था कि उन्होंने वर्तमान लॉर्ड कैंटरविल के दादा[90] से अपनी मंगनी अचानक तोड़ ली थी और वह रूपवान जैक कैसलटाउन के साथ भागकर ग्रेट्ना ग्रीन[91] यह कहती हुई चली गई कि दुनिया की कोई भी चीज उसे *ऐसे परिवार* में विवाह करने के लिए नहीं राज़ी कर सकती थी, जो सूर्यास्त होने पर एक भयानक भूत को छत के ऊपर–नीचे टहलने देता है। बाद में एक लड़ाई में लॉर्ड कैंटरविल द्वारा जैक को वान्ड्सवर्थ कॉमन[92] पर गोली मार दी गई थी और इस घटना को बीते एक साल बीते एक साल भी नहीं हुए थे, जब टनब्रिज वेल्स[93] में मोहतरमा बारबेरा, दिल टूटने की वजह से मर गईं। इसलिए, यह[94] हर तरह से बहुत सफल साबित हुआ

---

[89] Etonians-विंडसर इंग्लंड में स्थित एटन कॉलेज के विद्यार्थी। यहाँ यह संबोधन मिस्टर ओटिस के जुड़वा बच्चों से है।

[90] जिन्होंने ओटिस परिवार को यह मकान बेचा था उनके दादाजी।

[91]Gretna Green-दक्षिण स्कॉटलंड का एक गाँव जो भागकर शादी करने वाले जोड़ों के लिए प्रसिद्ध है।

[92] Wandsworth Common-दक्षिण लंदन में सार्वजनिक मैदान।

[93] Royal Tunbridge Wells-मध्य लन्दन के दक्षिण-पश्चिम में इंगलंड का एक क़स्बा।

[94] लापरवाह रुपर्ट, या सिरकटे अर्ल का वेष।

था। लेकिन, यदि मेरे द्वारा इस 'अलौकिकता' या (यदि और ज्यादा वैज्ञानिक शब्दावली में कहा जाए तो) इस 'उच्च-प्राकृतिक संसार'[95] के सबसे महान रहस्यों में से एक के सम्बन्ध में ऐसा नाटकीय कथन करना उचित हो, तो यह "मेकअप" करना बहुत ही कठिन था, और उसे अपनी तैयारी करने में पूरे तीन घंटे लगते थे। आखिर में सबकुछ तैयार हो गया और वह अपने वेष से बहुत खुश था। चमड़े के बड़े घुड़सवारी वाले बूट, जो उसके पहनावे के साथ मेल खाते थे, उसके लिए कुछ ज्यादा ही बड़े थे और वह दो हॉर्स-पिस्टल्स[96] में से सिर्फ एक ही पिस्टल को खोज पाया था, लेकिन कुलमिलाकर, वह बिलकुल संतुष्ट था, और सवा एक बजे वह वेन्सकोटिंग से बाहर निकला और चुपके-से गलियारे होकर गुजरा। वह जुड़वा बच्चों के कमरे में पहुंचा, जिसके बारे में मुझे यह बता देना चाहिए कि उसे अपने पर्दों के रंग की वजह से "नीला शयन-कक्ष" कहा जाता था। वहाँ उसने पाया कि दरवाजा यूं ही अधखुला था। जोरदार ढंग से प्रवेश करने की चाहत से, उसने दरवाजे को धक्का देकर पूरी तरह खोल दिया। उसी समय उसके बाएँ कंधे से केवल दो इंच की दूरी से बचते हुए, पानी का एक भारी जग सीधे उसपर गिरा, जिससे वह अपनी खाल तक भीग गया। इसी क्षण उसने *फोर-पोस्ट बेड*[97] से हँसी की दबी हुई चीखों को निकलते सुना।

[95] यह कथन 'अलौकिक दुनिया' के सन्दर्भ में है जहाँ आत्माओं और अलौकिक चीजों का वास होता है।

[96] Horse-pistols-पहले के जमाने में घुड़सवारों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली बड़ी पिस्टल।

[97] four-post bed-पुराने जमाने के बिस्तरों में चारों पायों की जगह पर खम्भे लगे होते थे जिससे मच्छरदानी जुड़ी होती थी।

उसके स्नायु–तंत्र को इतना बड़ा सदमा लगा कि वह अपने कमरे की ओर उतना जोर से भागा जितना उसके लिए संभव था, और अगले दिन वह तेज जुकाम की वजह से बिस्तर पर पड़ा रहा। इस पूरे घटनाक्रम में इकलौती चीज जो उसे सांत्वना दे रही थी वह यह तथ्य था कि वह अपने साथ अपना सिर लेकर नहीं गया था, क्योंकि, यदि उसने ऐसा किया होता, तो परिणाम बहुत गंभीर होते।

अब उसने इस अशिष्ट अमेरिकी परिवार को कभी भी डराने की सारी उम्मीद छोड़ दी थी और एक नियम की तरह, गलियारों में कमरे की ठंडी हवा के डर से अपने गले के इर्दगिर्द मोटे लाल मफलर पहनकर दबे–पाँव घूमा करता था। और इस डर से कि कहीं जुड़वा बच्चे उसपर हमला न कर दें, वह एक छोटी आर्केबूस[98] के साथ, *लिस्ट स्लिपर्स*[99] में छिपकर घूमने में संतोष कर लिया करता था। अंतिम चोट जो उसपर पड़ी वह 19 सितम्बर को घटित हुई थी। वह सीढ़ियों से नीचे विशाल प्रवेश–कक्ष में गया। वह आश्वस्त महसूस कर रहा था कि किसी भी स्थिति में, वहाँ उसे बिलकुल भी परेशान नहीं किया जाएगा, और वह यूनाइटेड स्टेट्स के मिनिस्टर और उनकी पत्नी की सारोनी[100] द्वारा खींची गई विशाल तस्वीरों पर व्यंग्यपूर्ण करके मन बहला रहा था, जिन्होंने अब कैंटरविल खानदान की तस्वीरों का स्थान ले लिया था। उसने सिर्फ गिरजाघर के कब्रिस्तान की मिट्टी से दागदार लम्बा कफन पहना हुआ था, लेकिन उसने

[98] Arquebuse-पुराने जमाने में इस्तेमाल होने वाली एक तरह की बन्दूक।
[99] List-slippers-रात में पहने जाने वाले चप्पल जो शोर नहीं करते हैं।
[100] Napoleon Sarony-19वीं शताब्दी के विख्यात फोटोग्राफर जो ऑस्कर वायल्ड के परिचित थे।

इस कफन को सुव्यवस्थित ढंग से पहना हुआ था और उसने अपने जबड़े को पीले लिनेन[101] की पट्टी से बाँध रखा था और वह अपने साथ एक छोटी लालटेन और एक गिरजादार का फावड़ा लेकर गया था। असल में, वह "बे–कब्र[102] जोनस या चर्टसी बार्न के लाश–चोर" के वेष में था, जो उसके सबसे उल्लेखनीय छद्मरूपों में से एक था, और जो ऐसा था जिसको याद रखने की कैंटरविल खानदान के पास बहुत वजहें थीं, क्योंकि भूत के इसी छद्मरूप से कैंटरविल खानदान की अपने पड़ोसी, लॉर्ड रफोर्ड के साथ झगड़े की शुरुआत हुई थी। लगभग सुबह के सवा दो बज रहे थे, और जहाँ तक वह जान सका था, कोई भी जाग नहीं कर रहा था। लेकिन, जब वह यह देखने के लिए पुस्तकालय की तरफ टहलने जा रहा था कि खून के कोई धब्बे बचे हैं या नहीं, तभी अचानक एक अँधेरे कोने से उसपर दो आकृतियाँ कूदीं, जो अपने सिरों के ऊपर अपनी भुजाओं को पागलों जैसे हिला रही थी, और उसके कान में जोर से चिल्लाईं "बू!"

घबराकर (जैसा उन परिस्थितियों में होना बिलकुल स्वाभाविक था) वह सीढ़ियों की ओर भागा, लेकिन वहाँ उसने वाशिंगटन ओटिस को एक बड़े *गार्डन सिरिंज*[103] के साथ उसका इंतजार करते पाया। और इस तरह हर तरफ से अपने दुश्मनों से घिरने और लगभग उनके चंगुल में आ जाने की स्थिति में, वह एक बड़े

---

101 Linen-सन का कपड़ा।

102 Graveless-कब्र से निकाला हुआ।

103 Garden-syringe-बगीचे में उर्वरक अथवा कीटनाशक का छिड़काव के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पिचकारी।

लोहे के चूल्हे में घुसकर गायब हो गया−−जो उसके सौभाग्यवश जल नहीं रहा था। और भूत को अपने घर जाने के लिए फ्लूज़[104] और चिमनियों में से होकर गुजरना पड़ा जिसकी वजह से वह अपने कमरे में गन्दगी, अव्यवस्था और निराशा की खराब हालत में पहुँचा।

इसके बाद उसे फिर कभी किसी रात्रिकालीन अभियान के लिए निकलते नहीं देखा गया। जुड़वा बच्चे कई अवसरों पर उसके इंतजार में बैठे रहते थे, और हर रात गलियारों में अखरोट के छिलकों को फैला देते थे, जिनसे उनके माता−पिता और नौकरों को बहुत चिढ़ होती थी। लेकिन जुड़वा बच्चों की इस हरकत का कोई फायदा नहीं हुआ। यह बिलकुल स्पष्ट था कि भूत की भावनाएँ इतनी आहत हो गई थी कि वह प्रकट नहीं हो रहा था। इसलिए, मिस्टर ओटिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी के इतिहास पर अपनी महान रचना के काम को दुबारा शुरू कर दिया, जिसमें वह पिछले कुछ सालों से व्यस्त थे। मिसेज़ ओटिस ने एक अद्भुत क्लैम−बेक[105] का आयोजन किया जिससे पूरा जिला अचंभित रह गया। लड़के लक्रॉस[106],

---

[104] Flues-धुएँ का निकास मार्ग

[105] Clambake-संगोष्ठी जहाँ खाने-पीने का इंतजाम घर के बाहर किया जाता है।

[106] Lacrosse-एक प्रकार का खेल जिसमें दस खिलाड़ियों वाली दो टीमें जाली-लगे लम्बे डंडों से गेंद को पकड़ते है और गोल करने की कोशिश करते हैं।

यूकर[107], पोकर[108] और अन्य अमेरिकी राष्ट्रीय खेल खेलने लगे और वर्जिनिया अपनी पोनी पर सवार होकर गलियों में घुड़सवारी करने लगी। उसके साथ चेशायर का युवा ड्यूक रहा करता था, जो अपनी छुट्टियों का अंतिम सप्ताह कैंटरविल चेज़ में बिताने आया था। यह सभी ने मान लिया था कि वह भूत दूर चला गया था, और वास्तव में, इसके परिणामस्वरुप मिस्टर ओटिस ने लॉर्ड कैंटरविल को एक पत्र लिखा, जिन्होंने प्रतिक्रिया में इस खबर पर अपनी अत्यधिक ख़ुशी जाहिर की और मिनिस्टर की माननीय पत्नी के लिए अपनी ढेर सारी बधाईयाँ भेजीं।

हालाँकि, ओटिस परिवार को भ्रम हुआ था, क्योंकि भूत अभी भी घर में था, और यद्यपि वह लगभग अशक्त हो गया था, वह किसी भी तरह मामले को शांत रहने देने के लिए तैयार नहीं था, खासतौर से तब जब उसने सुना कि मेहमानों में चेशायर का युवा ड्यूक था। इसी युवा ड्यूक के ग्रैंड-अंकल[109] लॉर्ड फ्रैंसिस स्टिल्टन ने कर्नल कैरबरी से सौ गिन्नियों की शर्त लगाईं थी कि वह कैंटरविल के भूत के साथ पाँसे का खेल खेलेंगे, और अगली सुबह जुआघर के कमरे में उन्हें असहाय लकवाग्रस्त स्थिति में फर्श पर पाया गया और हालांकि वह बहुत लम्बी आयु तक जीवित रहे, वह सिवाय

[107] Euchre-ताश के 32 पत्तों से खेला जाने वाला एक खेल जिसमें 2,3,4,5 और 6 के पत्ते नहीं होते हैं। हर खिलाड़ी को पाँच पत्ते बाँटे जाते हैं और जीतने के लिए, खेलने वाले खिलाड़ी को तीन चाल खेलनी होती हैं।

[108] Poker-एक प्रकार का ताश का खेल जिसमें खिलाड़ी यह दांव लगाते हैं कि उनके पत्ते बाकी खिलाड़ियों के पत्तों से बड़े हैं। अंत में जिस खिलाड़ी के पत्ते सबसे बड़े होते है वह दांव पर लगाए गया सबकुछ जीत लेता है।

[109] Grand-uncle-पिता अथवा माता के अंकल।

"दोहरा छक्का" के दुबारा कभी कुछ नहीं बोल पाये। अपने समय में यह कहानी काफी प्रसिद्ध हुई थी, हालांकि, स्वाभाविक रूप से दोनों कुलीन घरानों की भावनाओं के प्रति लिहाज की वजह से इसे दबाने के सभी प्रयत्न किये गए थे, और इससे जुड़ी सभी परिस्थितियों का पूरा विवरण लॉर्ड टैटल की "राजकुमार रीजेंट और उनके दोस्तों की यादें"[110] नामक पुस्तक के तीसरे भाग में मिलेगा। तो, स्वाभाविक रूप से भूत यह जाहिर करने के लिए बहुत इच्छुक था कि उसने स्टिल्टन परिवार पर अपना प्रभाव नहीं खोया है, जिसके साथ असल में उसका दूर का रिश्ता था। भूत के खुद के पहले कज़िन[111] का *सियोर डी बल्कली* से en secondes noces[112] विवाह हुआ था, जिनके बारे में सभी जानते हैं कि चेशायर के ड्यूक्स उन्हीं के सीधे वंशानुक्रम में आते हैं। इसलिए, उसने वर्जिनिया के छोटे प्रेमी के सामने अपने "रक्तपिपासु भिक्षु या रक्तहीन बेनेडिक्टीन[113]" के प्रख्यात छद्मरूप में प्रकट होने का इंतजाम किया। यह इतना भयानक प्रदर्शन था कि जब बूढ़ी लेडी स्टार्टअप[114] ने इसे सन् 1764 की नववर्ष की जानलेवा पूर्वसंध्या पर देखा था, वह बहुत जोर-जोर से चिल्लाने लगी थीं।

---

[110] Lord Tattle's Recollections of the Prince Regent and his Friends-ऑस्कर वायल्ड द्वारा कथित पुस्तक एवं लेखक के नाम काल्पनिक है ।

[111] Cousin-चचेरा, ममेरा, मौसेरा या फुफेरा भाई अथवा बहन।

[112] फ्रेंच वाक्यांश जिसका अर्थ होता है "दूसरे विवाह-संस्कार द्वारा"।

[113] Benedictine-नर्सिया के सेंट बेनेडिक्ट (Saint Benedict of Nursia) द्वारा 529 ईसवीं में स्थापित मठ का सदस्य।

[114] Lady Startup-अंग्रेजी वाक्यांश "start up" पर श्लेष है जिसका अर्थ होता है "चौंक जाना"

इसका अंजाम यह हुआ कि उन्हें भीषण एपोप्लेक्सी[115] हो गया और उन्होंने कैंटरविल परिवार (जो उनके सबसे करीबी रिश्तेदार थे) को जायदाद से बेदखल कर दिया और वह अपनी सारी सम्पत्ति लन्दन के औषधविक्रेता के लिए छोड़कर तीन दिन में मर गईं। लेकिन, अंतिम क्षण पर, जुड़वा बच्चों के प्रति अपने खौफ की वजह से भूत ने अपने कमरे को नहीं छोड़ा, और छोटा ड्यूक शाही शयनकक्ष की पंखों से युक्त विशाल छतरी के नीचे चैन से सोता रहा और वर्जिनिया के ख्वाब देखता रहा।

[115] Apoplexy-दिमाग में होने वाला रक्तस्राव, जिससे व्यक्ति को पहले तो अचानक मूर्छा होती है, फिर बाद में लकवा मार जाता है।

५

इसके कुछ दिनों बाद, वर्जिनिया और उसका घुंघराले बालों वाला शूरवीर (ड्यूक) ब्रॉकली के घास के मैदान में घुड़सवारी करने के लिए गए, जहाँ एक बाड़ को पार करते हुए वर्जिनिया के कपड़े इतनी बुरी तरह फट गए कि घर लौटते समय उसने निश्चय किया कि वह पीछे की सीढ़ियों से जायेगी, जिससे उसे कोई न देख पाए। जब वह टेपेस्ट्री चेम्बर (जिसका दरवाजा खुला हुआ था) से दौड़कर जा रही थी, तो उसे लगा कि उसने भीतर किसी को देखा है। उसने उसे अपनी माँ की नौकरानी (जो अकसर अपने काम को वहाँ लेकर आती थी) समझकर यह कहने के लिए कि वह अपनी आदत सुधार ले टेपेस्ट्री चेम्बर के भीतर झाँका। लेकिन उसे यह देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ कि यह कैंटरविल का भूत खुद था! वह खिड़की के पास बैठकर, पीले पड़ते पेड़ों के सूखे सुनहरे पत्तों को हवा में उड़ते और लाल पत्तों को लम्बे पेड़दार-पथ पर पागलों की तरह घूमते देख रहा था। उसका सिर उसके हाथ पर टिका हुआ था, और उसकी मुद्रा बहुत मायूसीपूर्ण थी। वाकई वह इतना दुःखी और बेबस था कि नन्ही वर्जिनिया, जिसका पहला विचार भाग जाने का और खुद को अपने कमरे में तालाबंद करने का था, दया से भर गई और उसने उसे सांत्वना देने की कोशिश करने का निश्चय किया। वर्जिनिया की चलने की आवाज इतनी हलकी थी, और भूत की उदासी इतनी गहरी थी कि उसे उसकी मौजूदगी का पता नहीं चला जब तक कि वह बोलने नहीं लगी।

"मुझे आपके लिए बहुत खेद है," वह बोली, "लेकिन मेरे भाई कल वापस एटन जा रहे हैं, और इसके बाद यदि

आपने अपना बर्ताव अच्छा रखा, तो आपको कोई भी तंग नहीं करेगा।"

"मुझे मेरा बर्ताव अच्छा रखने के लिए कहना निरर्थक है," उसने उस खूबसूरत नन्ही लड़की की ओर आश्चर्य से घूमते हुए जवाब दिया, जिसने उसे संबोधित करने का साहस किया था, "बिलकुल निरर्थक। मेरे लिए अपनी जंजीरों को खड़खड़ाना और कुंजी के खांचे में से कराहने की आवाज निकालना और रात में इधर–उधर टहलना मजबूरी है––यदि तुम्हारा मतलब इन चीजों से है। मेरे अस्तित्व की यही इकलौती वजह है।"

"यह अस्तित्व की बिलकुल भी वजह नहीं है, और आप जानते हैं कि आपने बहुत दुष्ट बर्ताव किया है। हमारे आगमन के पहले दिन ही मिसेज़ अम्रे ने हमें यह बताया था कि अपने अपनी पत्नी को मार डाला था।"

"अच्छा, मैं इसे पूरी तरह स्वीकारता हूँ," भूत ने चिड़चिड़ाकर कहा, "लेकिन यह पूर्ण रूप से पारिवारिक मसला था और इसका किसी और से बिलकुल लेना–देना नहीं है।"

"किसी को भी मारना बहुत गलत है," वर्जिनिया ने कहा, जो कभी–कभी एक अच्छी *प्यूरटन*[116] गंभीरता को रखती थी, जो उसे *न्यू इंग्लंड*[117] के किसी पूर्वज से मिली थी।

[116] Puritan-अति-नैतिकतावादी ईसाई विचारधारा।

[117] New England-उत्तरपूर्वी यूनाइटेड स्टेट्स का क्षेत्र जहाँ 17वीं शताब्दी में अंग्रेजों ने कॉलोनी बसाई थी।

"ओह, मुझे आदर्शवादी नीतियों की सस्ती कठोरता से घृणा है! मेरी पत्नी बहुत साधारण थी। वह कभी भी मेरे रफ्स[118] पर सही से कलफ नहीं चढ़ाती थी। और उसे खाना-बनाने के बारे में कुछ नहीं आता था। अरे, मैंने हॉगली के जंगलों में एक हिरण को मारा था, जो एक शानदार प्रिकेट[119] था, और तुम्हें मालूम है कि उसने उसे मेज पर कैसे पेश किया था? लेकिन, अब यह कोई मुद्दा नहीं है, क्योंकि सब ख़त्म हो चुका है, और हालांकि मैंने उसे मारा, मुझे नहीं लगता है कि उसके भाइयों ने मुझे भूख से मारकर कोई बहुत अच्छा काम किया।"

"आपको भूखा रखकर मारा गया है? ओह, श्रीमान भूत--मेरा मतलब है जनाब साइमन, क्या आप भूखे हैं? मेरे पास मेरे डिब्बे में एक सैंड-विच[120] है। क्या आप इसे लेना चाहेंगे?"

"नहीं, तुम्हारा शुक्रिया, अब मैं कभी भी कुछ नहीं खाता हूँ। लेकिन जो भी हो, तुम बहुत दयालु हो, और अपने बाकी के भयानक, अशिष्ट, असंस्कृत, बेईमान परिवार से बहुत अच्छी हो।"

"ठहरो!" वर्जिनिया अपना पैर पटकते हुए चिल्लाई, "वह तुम हो जो अशिष्ट, और भयानक, और असंस्कृत हो। और रहा सवाल बेईमानी का, तो तुम जानते हो कि

---

[118] Ruffs-लिबास के आस्तीन पर बाहर की ओर निकला हुआ गोलाकार झालर।

[119] Pricket-वह हिरण, जो अपने दूसरे वर्ष में हो और जिसके सींग की शाखाएं नहीं बनी हो।

[120] Sandwich-एक प्रकार का व्यंजन जिसमें मीट, पनीर और चटपटी चीजों की पतली पर्त को को ब्रेड की दो स्लाइस के बीच में डालकर बनाया जाता है।

तुमने पुस्तकालय में उस हास्यास्पद खून के धब्बे को नया करने की कोशिश में मेरे डिब्बे से रंगों को चुराया था। पहले तुम्हें मेरे सिन्दूरी लाल रंग के साथ सभी लाल रंगों को ले लिया, जिससे मैं अब और सूर्यास्त के चित्रों को नहीं बना पाती थी, फिर तुमने हरित–मणि वाला हरा रंग और क्रोम–यलो[121] ले लिया, और आखिर में मेरे पास सिवाय गहरे नीले और चाइनीज़ ह्वाईट[122] के कुछ नहीं रह गया था, और मैं केवल चाँदनी के दृश्यों को बना पाती थी, जिन्हें देखना हमेशा निराशाजनक होता है, और उन्हें रंगना बिलकुल भी आसान नहीं होता है। मैंने तुमसे कभी नहीं कहा लेकिन मैं बहुत चिढ़ गई थी, और सारी चीज बहुत बेतुकी थी; क्योंकि आखिर किसने हरित–मणि वाले हरे रंग का खून के बारे में सुना है?"

"अच्छा, वाकई," भूत ने बहुत दब्बूपन से कहा, "मैं क्या करता? आजकल असली खून हासिल करना बहुत कठिन है, और क्योंकि तुम्हारे भाई ने अपने पैरागॉन डिटर्जेंट से इस सब को शुरू किया था, इसलिए स्वाभाविक रूप से मुझे कोई वजह नहीं दिखी कि मैं तुम्हारे रंगों का इस्तेमाल क्यों न करूँ। रहा सवाल रंगत का, तो यह हमेशा पसंद की बात होती है: कैंटरविल खानदान का 'ब्लू ब्लड'[123] है, बतौर नमूना, इंग्लंड में सबसे ज्यादा 'ब्लू' है; लेकिन मुझे मालूम है तुम अमेरिकियों को इस तरह की चीजों की कोई परवाह नहीं है।"

---

121 Chrome yellow- लेड (II) क्रोमेट [PbCrO4] का रंग।

122 Chinese white-जिंक ऑक्साइड [ZnO] का रंग।

123 Blue blood-इंग्लंड के 'शाही खून' वाले घरानों के लिए संबोधन।

"आपको इसके बारे में कुछ भी नहीं मालूम है, और सबसे बेहतर चीज जो आप कर सकते हैं, वह यह है कि आप वहाँ (अमेरिका) चले जाएँ और अपनी मानसिकता को सुधार लें। मेरे पिता को आपको मुफ्त यात्राधिकार देने में सिर्फ बहुत ख़ुशी होगी, और हालाँकि, वहाँ पर हर तरह की स्पिरिट्स[124] के ऊपर भारी टैक्स लगता है, वहाँ पर कस्टम हाउस[125] में कोई दिक्कत नहीं होगी, क्योंकि वहाँ के सारे अधिकारी डेमोक्रैट्स[126] हैं। एक बार आप न्यू यॉर्क में पहुँच गए, तो आप निश्चित रूप से बहुत सफल होंगे। मैं कई सारे लोगों को जानती हूँ जो एक दादाजी को पाने के लिए लाखों डॉलर दे देंगे, और एक पारिवारिक भूत को पाने के लिए इससे भी ज्यादा खर्च कर देंगे।"

"मुझे नहीं लगता है कि मुझे अमेरिका पसंद आएगा।"

"मुझे लगता है ऐसा इसलिए होगा क्योंकि अमेरिका में हमारे पास कोई खंडहर और कोई अजीबोगरीब जगहें नहीं है," वर्जिनिया ने व्यंग्यात्मक ढंग से कहा।

"कोई खंडहर नहीं हैं! कोई अजीबोगरीब जगहें नहीं हैं!" भूत ने जवाब दिया; "तुम्हारे पास तुम्हारी नौसेना और तुम्हारा शिष्टाचार है।"

---

[124] यहाँ वर्जिनिया "Spirits" (शराब) के ऊपर वसूले जाने वाले टैक्स को "Spirits" (आत्मा) पर लगाया जाने वाला टैक्स समझ रही है।

[125] Custom House-बंदरगाह पर आधिकारिक इमारत जहाँ जहाजों को आने-जाने की इजाजत दी जाती है और विदेश से आने वाले सामानों पर कर वसूला जाता है।

[126] Democrats-प्रजातन्त्रवादी

"शब्बा–खैर; मैं जाती हूँ और पिताजी से कहती हूँ कि वह जुड़वा बच्चों के लिए एक हफ्ते की छुट्टी और करवा लें।"

"कृपया मत जाओ, मिस वर्जिनिया," भूत चीख पड़ा; "मैं इतना अकेला और इतना दुःखी हूँ और मुझे सचमुच नहीं मालूम है कि मैं क्या करूँ। मैं सोने जाना चाहता हूँ लेकिन मैं ऐसा कर नहीं सकता हूँ।"

"यह बिलकुल बकवास है! आपको केवल बिस्तर पर जाना है और मोमबत्तियाँ बुझा देनी है। कई बार जागते रहना बहुत कठिन होता है, खासतौर से गिरजाघर में[127], लेकिन सोने में कोई भी दिक्कत नहीं होती है। अरे, यहाँ तक की नवजात बच्चों को मालूम होता है कि इसे कैसे करना है, और वे बहुत अक्लमंद नहीं होते हैं।"

"मैं तीन सौ सालों से नहीं सोया हूँ," उसने दुःखी होकर कहा, और वर्जिनिया की खूबसूरत नीली आँखें आश्चर्य से चौड़ी हो गईं, "मैं तीन सौ सालों से नहीं सोया हूँ, और मैं बहुत थक गया हूँ।"

वर्जिनिया बिलकुल गंभीर हो गई, और उसके नन्हे होंठ गुलाब की पंखुड़ियों की तरह थरथराने लगे। वह भूत की तरफ बढ़ी, और उसके बगल में घुटने के बल बैठते हुए, उसने उसके बूढ़े मुरझाये हुए चेहरे को देखा।

"बेचारे, अभागे भूत," वह बुदबुदाई; "क्या आपके पास कोई जगह नहीं है जहाँ आप सो सकें?"

---

[127] वर्जिनिया संकेत कर रही है कि उसे गिरजाघर के धार्मिक भाषणों के दौरान नींद लगने लगती है।

"पाइन[128] के जंगलों के पार बहुत दूर," उसने धीमी, स्वप्नवत आवाज में जवाब दिया, "एक छोटा बगीचा है। वहाँ लम्बी और गहरी घास उगती है। वहाँ पर हेमलक[129] के फूल के ढेर सारे सफ़ेद सितारे हैं। वहाँ बुलबुल सारी रात गाती रहती है। वह पूरी रात गाती रहती है और शीतल स्फटिक जैसा चाँद नीचे देखता है, और (कब्र में) सोने–वालों के ऊपर यू[130] अपनी विशाल भुजाएं फैलाता है।"

वर्जिनिया की आँखें आँसुओं से धुंधली हो गईं, और उसने अपना चेहरा अपने हाथों से छिपा लिया।

"आपका मतलब है मौत का बग़ीचा," वह फुसफुसाई।

"हाँ, मौत। मौत ही इतनी खूबसूरत हो सकती है। जब आपके सिर पर घास लहरा रही हो, नरम भूरी मिट्टी में पड़े रहना और ख़ामोशी को सुनना। कोई बीता कल नहीं होना और कोई आने वाला कल न होना। वक्त को भूल जाना, जिंदगी को भूल जाना, और खामोश हो जाना। तुम मेरी मदद कर सकती हो। तुम मेरे लिए मौत के घर के प्रवेशद्वार को खोल सकती हो, क्योंकि तुम्हारे संग प्यार सदैव रहता है, और प्यार मौत से ज्यादा बलवान होता है।"

वर्जिनिया काँप गई। उसके पूरे शरीर में एक सर्द कंपकपी होकर गुजरी, और कुछ क्षणों तक वहाँ खामोशी रही।

---

[128] Pine-एक सदाबहार पेड़।

[129] Hemlock-सफ़ेद पुष्पों वाला विषैला पौधा।

[130] Yew-एक सदाबहार पेड़।

उसे ऐसा महसूस हुआ जैसे वह किसी भयानक ख्वाब में हो।

फिर भूत पुनः बोलने लगा और उसकी आवाज हवा की आहों जैसी प्रतीत होती थी।

"क्या तुमने कभी पुस्तकालय की खिड़की पर लिखी प्राचीन भविष्यवाणी को पढ़ा है?"

"ओह, कई बार," नन्ही लड़की ऊपर देखते हुए चिल्लाई; "मैं उसे बहुत अच्छे-से जानती हूँ। उसे अजीब काले अक्षरों में रंग गया है, और उसे पढ़ना कठिन है। उसमें सिर्फ छह वाक्य हैं:

"जब एक सुनहरे बालों वाली लड़की

पाप के होठों से प्रार्थना हासिल करेगी,

जब बंजर भूमि पर बादाम उगेगा,

और एक छोटा बच्चा अपने आँसू जाहिर करेगा,

फिर पूरा घर स्थिर हो जाएगा

और कैंटरविल को अमन मिलेगा।'

"लेकिन मुझे नहीं मालूम इनका क्या मतलब है।"

"इनका मतलब है," उसने दुःखी होकर जवाब दिया, "कि तुम्हें मेरे साथ मेरे पापों के लिए रोना होगा, क्योंकि मेरे पास कोई आँसू नहीं हैं, और मेरे साथ मेरी रूह के लिए प्रार्थना करनी होगी, क्योंकि मुझमें कोई विश्वास नहीं है और फिर, यदि तुम हमेशा अच्छी,

और नेक और, शरीफ रही हो, तो मौत का फ़रिश्ता मुझपर दया करेगा। तुम अँधेरे में डरावनी आकृतियों को देखोगी, और तुम्हारे कानों में दुष्ट आवाजें फुसफुसायेंगी, लेकिन वे तुम्हें नुकसान नहीं पहुँचायेंगी, क्योंकि एक छोटे बच्चे की पवित्रता के खिलाफ नरक की शक्तियाँ जीत नहीं सकती हैं।"

वर्जिनिया ने कोई जवाब नहीं दिया, और भूत ने अपने हाथों को उसके झुके हुए सुनहरे सिर की ओर नीचे देखते हुए बेकाबू निराशा में मरोड़ा। अचानक वह उठी। वह बहुत पीली पड़ गई थी और उसकी आँखों में अजीब रोशनी थी। "मुझे डर नहीं है," उसने दृढ़ता से कहा, "और मैं फ़रिश्ते से तुमपर दया करने के लिए कहूँगी।"

भूत अपने आसन से ख़ुशी की एक हलकी चीख के साथ उठा, और उसके हाथ लेते हुए उसकी ओर पुराने जमाने की शिष्टता से झुका और उसके हाथ को चूम लिया। उसकी अंगुलियाँ बर्फ की तरह सर्द थीं, और उसके होंठ आग की तरह जल रहे थे, लेकिन जब वह उसे अँधेरे कमरे के पार लेकर गया, तो वर्जिनिया हिचकिचाई नहीं। धुंधली पड़ चुकी हरी टेपेस्ट्री पर कढ़ाई करके *नन्हे शिकारी* बनाए गए थे। वे (नन्हे शिकारी) अपने टैसल[131] लगे भोंपूओं को बजाने लगे और उनके नन्हे हाथ उसे वापस लौटने के लिए इशारा करने लगे। "लौट जाओ! नन्ही वर्जिनिया," वे चिल्लाने लगे, "लौट जाओ!" लेकिन भूत ने उसका हाथ और कसकर पकड़ लिया, और वर्जिनिया ने टेपेस्ट्री पर बने नन्हे शिकारियों के सामने

[131] Tassel-डोरों के गुच्छे से बनी सजावट जिसे कपड़ों और मालाओं के सिरों पर लगाया जाता है।

अपनी आँखें बंद कर लीं। चिमनीपीस[132] पर तराशे गए भयानक जीव (जो छिपकली जैसी पूँछों वाले थे और जो आँखें फाड़कर उसे देख रहे थे) पलकें झपका रहे थे और बुदबुदा रहे थे, "सावधान! नन्ही वर्जिनिया, सावधान! हो सकता है हम तुम्हें फिर कभी भी न देख पायें," लेकिन भूत और भी तेजी से बढ़ता गया, और वर्जिनिया ने इसे अनसुना कर दिया। जब वे कमरे के अंत में पहुँचे तो भूत रुक गया, और उसने कुछ शब्द बुदबुदाए, जिसे वर्जिनिया समझ नहीं पाई। उसने अपनी आँखों को खोला, और उसने दीवार को एक धुंध की तरह धीरे–धीरे गायब होते हुए और अपने सामने एक विशाल काली गुफा को प्रकट होते देखा। एक चुभती सर्द हवा उनके इर्दगिर्द बह कर गई, और उसे लगा कि कोई चीज उसके कपड़ों को खींच रही थी। "जल्दी, जल्दी," भूत चिल्लाया, "वर्ना बहुत देर हो जायेगी," और एक क्षण में उनके पीछे वेन्सकोटिंग बंद हो गई और टेपेस्ट्री चेम्बर खाली हो गया।

[132] Chimneypiece-अँगीठी के मुहाने के पास निर्मित सजावटी निर्माण।

६

लगभग दस मिनट बाद, चाय के लिए घंटी बजी, और जब वर्जिनिया नीचे नहीं आई, मिसेज़ ओटिस ने उसे सूचित करने के लिए एक सेवक को भेजा। थोड़े समय बाद वह सेवक लौटा और उसने कहा कि उसे मिस वर्जिनिया कहीं भी नहीं मिल रही हैं। चूंकि वर्जिनिया को हर शाम खाने की मेज के लिए बगीचे से फूल ले आने की आदत थी, मिसेज़ ओटिस पहले तो बिलकुल भी परेशान नहीं हुई, लेकिन जब छह बज गए और वर्जिनिया हाजिर नहीं हुई, तो वह वाकई बेचैन हो गई, और उसने वर्जिनिया की तलाश करने के लिए लड़कों को भेजा, जिस दौरान वह खुद मिस्टर ओटिस के साथ घर के हर कमरे की तलाशी करने लगी। साढ़े छह बजे लड़के लौट आये और उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी बहन के कहीं भी कोई निशान नहीं मिले थे। वे सभी अब बहुत ज्यादा बेचैनी की हालत में थे और उन्हें समझ में नहीं आ रहा था कि उन्हें क्या करना चाहिए। तभी मिस्टर ओटिस को अचानक याद आया कि कुछ दिनों पहले उन्होंने बंजारों की एक टोली को उद्यान में डेरा डालने की इजाजत दी थी। इसलिए वह तुरंत अपने साथ अपने बड़े लड़के और दो कृषि–सेवकों को लेकर *ब्लैकफेल हौलो*, जहाँ उन्हें मालूम था वे बंजारे लोग थे, के लिए निकल पड़े। चेशायर का छोटा ड्यूक (जो व्याकुलता से पूरी तरह उत्तेजित हो गया था) भी साथ चलने की अनुमति के लिए बहुत ज्यादा प्रार्थना करने लगा, लेकिन मिस्टर ओटिस ने उसे इजाजत नहीं दी क्योंकि, उनको वहाँ पर हाथापाई होने की आशंका थी। लेकिन, उस जगह पर पहुँचने पर उन्होंने पाया कि वे बंजारे चले गए थे और यह स्पष्ट था

कि उनकी रवानगी बिलकुल अचानक हुई थी, क्योंकि आग अभी भी जल रही थी, और घास पर खाने की कुछ तश्तरियाँ पड़ी थीं। वाशिंगटन और उन दोनों आदमियों को जिले में छानबीन करने के लिए छोड़कर, मिस्टर ओटिस घर की ओर भागे, और उन्होंने आवारा लोगों या बंजारों द्वारा अगवा की गई एक नन्ही लड़की की तलाश करने के लिए जिले के सभी पुलिस निरीक्षकों को टेलीग्राम भेजा। फिर उन्होंने अपने घोड़े को मंगवाने का आदेश दिया, और अपनी पत्नी और तीन लड़कों के आग्रह पर रात का खाना खाने के बाद, घुड़साल की देखभाल करने वाले एक सेवक के साथ, ऐस्कट रोड की ओर निकल गए। लेकिन, वे मुश्किल से एक-दो मील गए थे जब उन्होंने अपने पीछे किसी के सरपट घोड़े दौड़ाने की आवाज सुनी, और घूमने पर उन्होंने छोटे ड्यूक को, बहुत लाल चेहरे के साथ और बिना हैट के, उसकी पोनी पर आते हुए देखा। "मैं बहुत माफ़ी चाहता हूँ, मिस्टर ओटिस," युवा ड्यूक हाँफते हुए बोला, "लेकिन जब तक वर्जिनिया गुमशुदा है, मैं रात का खाना बिलकुल नहीं खा सकता हूँ। कृपया मुझसे नाराज मत होइए; अगर आपने पिछले साल हमारी मंगनी होने दी होती, तो यह सारी मुसीबत नहीं होती। आप मुझे वापस तो नहीं लौटायेंगे, न? मैं नहीं लौट सकता हूँ! मैं नहीं लौटूंगा!"

मिनिस्टर खुद को इस खूबसूरत नौजवान की लापरवाही पर मुस्कराने से रोक नहीं पाए, और वह वर्जिनिया के प्रति उसके समर्पण को देखकर काफी ज्यादा प्रभावित हो गए थे, इसलिए उन्होंने अपने घोड़े से नीचे झुककर उसके कंधों को दयालुता से थपकी देते हुए कहा,

"अच्छा, सेसील, यदि तुम वापस नहीं जाओगे, तो मुझे लगता है कि तुम्हें मेरे साथ चलना होगा, लेकिन ऐस्कट में मुझे तुम्हारे लिए एक हैट खरीदने पड़ेगी।"

"ओह, मेरी हैट के लिए परेशान मत होइए! मुझे वर्जिनिया चाहिए!" हँसते हुए छोटा ड्यूक चिल्लाया, और वे घोड़े दौड़ाते हुए रेलवे स्टेशन की ओर चले गए। वहाँ मिस्टर ओटिस ने स्टेशन-मास्टर से पूछा कि क्या वर्जिनिया के वर्णन से मेल खाती किसी लड़की को प्लेटफॉर्म पर देखा गया था, लेकिन उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली। फिर भी, स्टेशन-मास्टर ने यहाँ-वहाँ तार भेजा और उन्हें भरोसा दिलाया कि वर्जिनिया के लिए कड़ी निगरानी रखी जायेगी। और एक लिनेन-ड्रेपर[133] (जो अपनी दुकान के किवाड़ बंद कर रहा था) से छोटे ड्यूक के लिए एक हैट खरीदने के बाद, मिस्टर ओटिस अपने घोड़े पर बक्सली के लिए रवाना हो गए, जो लगभग चार मील दूर छोटा-सा गाँव था, जिसके बारे में उन्हें बताया गया था कि वह बंजारों का प्रसिद्ध डेरा था, क्योंकि उसके बगल में एक बहुत बड़ा सार्वजनिक मैदान था। यहाँ उन्होंने ग्रामीण पुलिसवाले को जगाया, लेकिन उनको उससे कोई जानकारी नहीं मिली, और मैदान में हर तरफ घोड़े दौड़ाने के बाद, उन्होंने अपने घोड़ों का रुख घर की ओर घुमाया और लगभग ग्यारह बजे, वह बुरी तरह थककर और लगभग टूटे दिल के साथ, कैंटरविल चेज़ में पहुँचे। उन्होंने गेट-हाउस[134] पर वाशिंगटन और जुड़वा बच्चों को लालटेनें लेकर उनका

[133] Linen-draper-सूती कपड़ों को बेचने वाला विक्रेता।

[134] Gate-house-बड़ी हवेलियों के फाटक से जुड़ा हुआ छोटा-सा घर, जहाँ द्वारपाल रहता है।

इंतजार करते हुए पाया, क्योंकि सड़क बहुत ही अंधेरी थी। वर्जिनिया का तनिक भी निशान नहीं मिला था। बंजारों को ब्रॉकली के घास के मैदान पर पकड़ लिया गया था, लेकिन वर्जिनिया उनके साथ नहीं थी, और उन्होंने अपनी अचानक रवानगी की वजह यह बताई कि उनसे 'कोर्टन के मेले' की तारीख के बारे में गलती हो गई थी, और वे जल्दबाजी में इसलिए चले गए थे क्योंकि उन्हें उन्हें डर था कि उनको देर हो जायेगी। यकीनन, वे वर्जिनिया के गायब हो जाने के बारे में सुनकर बहुत चिंतित हो गए थे, क्योंकि वे मिस्टर ओटिस के बहुत आभारी थे कि उन्होंने उन बंजारों को अपने उद्यान में शिविर लगाने की इजाजत दी थी। और इसलिए उन बंजारों में से चार आदमी वर्जिनिया की तलाश में मदद करने के लिए पीछे रुक गए। कार्प–पॉन्ड में तलाशी की गई, पूरे कैंटरविल चेज़ की बहुत सावधानी से छानबीन की गई, लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। यह स्पष्ट था कि हर हाल में उस रात वर्जिनिया उनके लिए गुमशुदा हो गई थी; और मिस्टर ओटिस और उनके लड़के बहुत गहरी निराशा की हालत में घर तक पैदल गए। उनके पीछे दो घोड़ों और एक पोनी के साथ घुड़साल की देखभाल करने वाला सेवक चल रहा था। हॉल में, उन्होंने भयभीत नौकरों के समूह को पाया और पुस्तकालय में, बेचारी मिसेज़ ओटिस खौफ और चिंता से लगभग बावली होकर एक सोफे पर पड़ी थीं और अपने माथे को बूढ़ी गृह–प्रबंधिका मिसेज़ अम्ने द्वारा 'यू डी कोलोन'[135] से गीला करवा रही थी। मिस्टर ओटिस ने

---

[135] eau de cologne-अल्कोहल और नीम्बू, संतरे, लैवेंडर, जैतून, चमेली इत्यादि के अर्क से निर्मित खुशबूदार इत्र, जो सुकूनदेह होता है।

तुरंत दबाव दिया कि वह कुछ खा ले, और पूरी टोली के लिए शाम के खाने को मंगवाया गया। खाना दुःखपूर्वक किया गया, क्योंकि शायद ही किसी ने कुछ कहा, और यहाँ तक कि जुड़वा बच्चे भी हैरान और बुझे-बुझे से थे, क्योंकि वे अपनी बहन को बहुत प्रेम करते थे। जब उन्होंने खाना ख़त्म कर लिया, तो मिस्टर ओटिस ने छोटे ड्यूक की मिन्नतों के बावजूद, यह कहते हुए कि इस रात कुछ भी और नहीं किया जा सकता है और यह कि सुबह होने पर वह स्कॉटलंड यार्ड[136] को कुछ जासूसों को तुरंत भिजवाने के लिए टेलीग्राम कर देंगे, उन सभी को बिस्तर पर जाने का आदेश दिया। जैसे ही वे भोजन-कक्ष के बाहर निकल रहे थे, घंटाघर से मध्यरात्रि की टन-टन की आवाज होने लगी और जब वह अंतिम बार आई, तो उन्हें एक धमाका और एक अचानक तीखी चीख सुनाई दी। घर को गर्जन की भयानक गूँज ने हिला दिया। वातावरण में एक तरह का अलौकिक संगीत बहने लगा। सीढ़ियों के ऊपर का पल्ला एक तेज शोर के साथ पीछे उड़ गया और बाहर जमीन पर, वर्जिनिया ने कदम रखा, जो बहुत कांतिहीन और सफ़ेद दिख रही थी और जिसने अपने हाथ में एक छोटा संदूक लिया हुआ था। एक क्षण में, वे सभी उसकी ओर भागे। मिसेज़ ओटिस ने उत्साह से उसे अपनी बाँहों में ले लिया, ड्यूक ने उसपर

[136] Scotland Yard-लंदन के ज्यादातर इलाकों में क़ानून व्यवस्था के लिए जिम्मेदार "मेट्रोपोलिटन पुलिस सर्विस" (Metropolitan Police Service) का एक अन्य नाम।

कई सारे चुम्बनों की बौछार कर दी, और जुड़वा बच्चे समूह के इर्दगिर्द बेकाबू होकर वॉर–डांस[137] करने लगे।

"भगवान के वास्ते! बच्ची, तुम कहाँ थी?" मिस्टर ओटिस ने यह सोचकर कि वर्जिनिया उनके साथ कोई मूर्खतापूर्ण मजाक कर रही थी बहुत क्रोधित होते हुए कहा। "मैं और सेसील, तुम्हारी तलाश में पूरे देश भर में घूमते फिर रहे थे, और तुम्हारी माँ तो डर से मर ही गई थी। अब तुम इस तरह की शरारत कभी मत आजमाना।"

"सिवाय भूत के ऊपर आजमाने के! सिवाय भूत के ऊपर आजमाने के!" जुड़वा बच्चे चारों तरफ उछालते–कूदते हुए चिल्लाए।

"मेरी अपनी लाडली––ईश्वर का शुक्र है कि तुम मिल गई; तुम फिर कभी भी मुझसे दूर मत जाना," मिसेज़ ओटिस, अपनी कांपती हुई बच्ची को चूमते हुए बुदबुदाई, और उन्होंने उसके उलझे हुए सुनहरे बालों को चिकना किया।

"पापा," वर्जिनिया ने शांतिपूर्वक कहा, "मैं भूत के साथ थी। वह मर चुका है, और आपको चलकर उसे देखना चाहिए। वह बहुत दुष्ट था, लेकिन वह अपने द्वारा किये गए सभी कामों के लिए वाकई में बहुत शर्मिंदा था, और उसने मरने से पहले मुझे यह खूबसूरत आभूषणों वाला डिब्बा दिया है।"

---

[137] War-dance-युद्ध से पहले या युद्ध में जीत की ख़ुशी पर किया जाने वाला नृत्य।

पूरा परिवार अचंभे से मौन होकर वर्जिनिया को टकटकी लगाए देखता रहा, लेकिन वह बिलकुल गंभीर और संजीदा थी। और, वापस मुड़कर वह उन्हें वेन्सकोटिंग के छेद से एक संकरे गुप्त गलियारे में लेकर गई। वाशिंगटन ने जली हुई मोमबत्ती लेकर उसका अनुसरण किया, जिसे उसने मेज पर से उठाया था। आखिर में, वे एक विशाल शाहबलूत के दरवाजे पर पहुंचे, जिसपर जंग लगी कीलें गड़ी थीं। जब वर्जिनिया ने उसे छुआ, तो वह दरवाजा अपने भारी कब्जों पर पीछे घूम गया, और उन्होंने खुद को एक मेहराबी छत और एक छोटी–सी जालीदार खिड़की वाले थोड़े नीचे कमरे में पाया। दीवार में एक विशाल लोहे का छल्ला लगा हुआ था, और उससे एक सूखा हुआ कंकाल जंजीरों द्वारा बंधा हुआ था, जो पथरीली फर्श पर पूरी लम्बाई से फैला हुआ था, और ऐसा लगता था कि वह अपनी लम्बी, मांसविहीन अँगुलियों द्वारा एक पुराने जमाने के ट्रेंचर[138] और यूअर[139] तक पहुँचने की कोशिश कर रहा था जो ठीक उसकी पहुँच से बाहर रखे गए लगते थे। प्रकटतः सुराही को कभी पानी से भरा गया था, क्योंकि वह अन्दर से हरी काई से ढँकी हुई थी। ट्रेंचर में धूल के ढेर के सिवाय कुछ भी नहीं था। वर्जिनिया कंकाल के पास घुटनों के बल नीचे बैठ गई और अपने नन्हे हाथों को एकसाथ जोड़ते हुए, चुपचाप प्रार्थना करने लगी, जिस दौरान बाकी टोली इस

---

[138] Trencher-लकड़ी की तश्तरी जिसपर पुराने जमाने में खाना परोसा जाता था।

[139] Ewer-एक प्रकार की सुराही जिसमें पानी या शराब गिराने वाली नली और हैंडल लगा हो।

भयानक दुखद घटना (जिसका रहस्य अब उनके आगे खुल गया था) को अचंभे से देखती रही।

"अरे!" जुड़वा बच्चों में से एक अचानक चिल्लाया जो खिड़की के बाहर झाँककर यह खोजने की कोशिश कर रहे थे कि यह कमरा इमारत के किस हिस्से में स्थित है। "अरे! प्राचीन मुरझाए हुए बादाम के पेड़ पर फूल खिल गए हैं। मैं चाँदनी में फूलों को बिलकुल साफ़-साफ़ देख रहा हूँ।"

"ईश्वर ने उसे माफ कर दिया है," वर्जिनिया ने अपने पैरों पर खड़े होते हुए गंभीरतापूर्वक कहा और ऐसा लगता था जैसे एक खूबसूरत रोशनी ने उसके चेहरे को रोशन कर दिया हो।

"तुम कितनी बड़ी फ़रिश्ता हो!" युवा ड्यूक चीखा, और उसने उसके गले के इर्दगिर्द अपनी बाँहों को डाल लिया और उसे चूमा।

७

इन अजीब घटनाओं के चार दिन बाद, कैंटरविल चेज़ में लगभग रात के ग्यारह बजे एक अंत्येष्टि का आयोजन किया गया। आठ काले घोड़ों द्वारा शव-वाहन को खींचा गया, जिसमें से हर घोड़े के सिर पर शुतुरमुर्ग के पंखों की बनी विशाल कलगी हिल रही थी, और सीसे का ताबूत एक शानदार बैंगनी कपड़े से ढंका हुआ था जिसपर सोने द्वारा कैंटरविल खानदान के कुलचिह्न की कढ़ाई की गई थी। शव-वाहन और गाड़ी के डिब्बों के अगल-बगल रोशन मशालों के साथ सेवक चल रहे थे, और पूरा जुलूस आश्चर्यजनक रूप से प्रभावशाली था। लॉर्ड कैंटरविल प्रमुख शोक-कर्ता थे, जो अंत्येष्टि पर उपस्थित रहने के लिए वेल्स से विशेष रूप से आये थे, और वह नन्ही वर्जिनिया के साथ पहली गाड़ी में बैठे थे। फिर यूनाइटेड स्टेट्स के मिनिस्टर और उनकी पत्नी आये, फिर वाशिंगटन और तीन[140] लड़के आये, और आखिरी गाड़ी में मिसेज़ अम्ने थी। ऐसा सभी को लगा कि मिसेज़ अम्ने अपनी जिन्दगी के पचास वर्ष से भी अधिक समय से भूत से डरती आई थी, इसलिए उनको उसे आखिरी बार देखने का अधिकार था। गिरजाघर के कब्रिस्तान के कोने पर प्राचीन यू के पेड़ के ठीक नीचे एक गहरी कब्र खोदी गई थी और रेवरेंड ऑगस्टस डैम्पियर द्वारा बहुत प्रभावशाली तरीके से रस्मों को पढ़ा गया। जब धार्मिक विधि ख़त्म हो गई, तब सेवकों ने कैंटरविल परिवार द्वारा पालन किये जाने वाले एक पुराने रिवाज के अनुसार अपनी मशालों को बुझा दिया और जब ताबूत को कब्र में नीचे किया जा रहा था, तब वर्जिनिया आगे बढ़ी और

---

[140] जुड़वा बच्चे और चेशायर का छोटा ड्यूक।

उसने उसपर बादाम के सफ़ेद और गुलाबी फूलों से बने एक बड़े सलीब को रख दिया। जब वह ऐसा कर रही थी, बादल के पीछे से चाँद बाहर निकल आया और उसने अपनी खामोश चाँदनी से छोटे–से कब्रिस्तान को भर दिया और दूर एक झुरमुट से एक बुलबुल गाने लगी। वर्जिनिया ने भूत द्वारा किये गए मौत के बगीचे के वर्णन के बारे में सोचा, उसकी आँखें आँसुओं से धुंधली हो गई और घर की ओर यात्रा करते हुए उसने शायद ही कोई शब्द कहा।

अगली सुबह, लॉर्ड कैंटरविल के कस्बे में जाने से पहले, मिस्टर ओटिस ने उनसे भूत द्वारा वर्जिनिया को दिए गये आभूषणों के बारे में बातचीत की। वे आभूषण बिलकुल लाजवाब थे, ख़ास तौर से माणिक का एक विशेष कंठहार जिसपर वनेशन[141] जड़ाई की गई थी, जो वास्तव में सोलहवीं शताब्दी के काम का उत्कृष्ट नमूना था और उसकी कीमत इतनी ज्यादा थी कि मिस्टर ओटिस को यह इजाजत देने में बहुत झिझक हो रही थी कि उनकी बेटी उन आभूषणों को स्वीकार ले।

"मेरे लॉर्ड," उन्होंने कहा, "मुझे मालूम है कि इस देश में माना जाता है कि तुच्छ चीजों और जमीनों दोनों के सम्बन्ध में मौर्टमेन[142] लागू होता है, और यह बात मेरे लिए बिलकुल साफ़ है कि ये आभूषण आपके परिवार के विरासत हैं या इन्हें आपके परिवार की विरासत होना चाहिए। इसलिए मुझे आपसे निवेदन करना होगा कि

[141] Venetian-इटली के वेनिस शहर की शैली की

[142] Mortmain-गिरजाघर या किसी अन्य संस्था द्वारा भूमि अथवा इमारतों पर अहस्तांतरणीय कब्जा।

आप इन्हें अपने साथ लन्दन ले जाइए, और इसे अपनी संपत्ति का भाग समझिये जिसे थोड़ी अजीब परिस्थितियों में आपको लौटाया गया है। रहा सवाल मेरी बेटी का, तो वह केवल एक बच्ची है और मुझे यह कहते हुए ख़ुशी होती है कि उसे अभी ऐसे विलास के फिजूल सामानों में थोड़ी ही रुचि है। मिसेज़ ओटिस (जिसके बारे में मैं कह सकता हूँ कि वह कला के मामले में कोई साधारण विशेषज्ञ नहीं हैं क्योंकि जब वह एक लड़की थी तो उसे बोस्टन में कई सर्दियाँ बिताने का सौभाग्य मिला था[143]) द्वारा मुझे यह भी बताया गया है कि इन रत्नों का आर्थिक मूल्य बहुत ज्यादा है, और अगर इन्हें बेचने के लिए दिया जाए तो ये एक भारी कीमत पर बिकेंगे। इन परिस्थितियों में, लॉर्ड कैंटरविल, मुझे यकीन महसूस होता है कि आप यह समझ सकते हैं कि मेरे लिए इनको अपने परिवार के किसी भी सदस्य के कब्जे में रहने देने की इजाजत देना कितना असंभव है; और, सच में, इन जैसे सभी व्यर्थ के आभूषण और दिखावटी सामान, भले ही ब्रिटिश कुलीन-वर्ग के लोगों की प्रतिष्ठा के लिए उपयुक्त अथवा आवश्यक हों, लेकिन *गणतंत्रवादी सरलता के* (कठोर और मेरी राय में शाश्वत) *सिद्धांतों के पालन-पोषण में बढ़ने वाले लोगों*[144] के बीच में, ये आभूषण पूर्णतः अपने स्थान से दूर होंगे। शायद मुझे यह बताना चाहिए कि वर्जिनिया की बहुत इच्छा है कि आप सिर्फ उस बक्से को उसके पास रहने दें, क्योंकि यह आपके बदकिस्मत

---

[143] मिसेज़ ओटिस कई वर्ष बोस्टन में रही थी, जो अमेरिका का ऐसा शहर है जहाँ कई म्यूजियम और आर्ट गैलरी हैं, इसलिए उसका कला के विषयों पर ज्ञान साधारण विशेषज्ञों से अधिक है।

[144] मिस्टर ओटिस अपने परिवार की गणतंत्रवादी अमेरिकी सोच का जिक्र कर रहे हैं

(लेकिन भटके हुए) पूर्वज की निशानी है। क्योंकि यह बहुत पुराना है और अतः काफी ज्यादा टूट-फूट गया है, शायद आपको उसके अनुरोध को स्वीकारना उचित लगे। जहाँ तक मेरी बात है, मैं स्वीकारता हूँ कि मैं अपनी बच्ची द्वारा मध्यकालीनता[145] के प्रति किसी भी तरह को मोह को जाहिर करने के लिए अच्छा-ख़ासा चकित हूँ, और इसकी वजह केवल इस तथ्य को मान सकता हूँ कि वर्जिनिया, मिसेज़ ओटिस की एथेंस यात्रा से लौटने के कुछ समय बाद, आपके लन्दन के एक उपनगर में पैदा हुई थी।"

लॉर्ड कैंटरविल ने माननीय मिनिस्टर के भाषण को बहुत गंभीरता से सुना। वे रह-रहकर अपनी सफ़ेद मूंछों को ताव देकर अपनी बेइरादतन मुस्कान को छिपाने की कोशिश करते रहे और जब मिस्टर ओटिस ने अपनी बात ख़त्म कर ली, तो उन्होंने उनको दोस्ताना अंदाज में हाथ से हिलाया और कहा, "मेरे प्यारे श्रीमान, आपकी हसीन नन्ही बच्ची ने मेरे बदकिस्मत पूर्वज सर साइमन के लिए एक बहुत ख़ास काम किया है और मैं और मेरा परिवार उसके चमत्कारी साहस और हिम्मत के लिए उसके बहुत एहसानमंद हैं। स्पष्ट रूप से आभूषण उसके हैं और भगवान कसम, यदि मैं इतना निष्ठुर हो जाता हूँ कि उन्हें उससे ले लेता हूँ, तो हमारा दुष्ट बूढ़ा दोस्त[146] दो हफ्ते में अपनी कब्र से निकल आएगा, और मेरा जीना दुश्वार कर देगा। जहाँ तक उनके विरासत होने की बात है, तो कोई भी चीज विरासत नहीं होती है जब तक कि उसे किसी वसीयत या अन्य विधिक दस्तावेज में

[145] यह बक्सा मध्यकालीन युग में बना था।

[146] भूत

ऐसे न बताया गया हो और इन आभूषणों का अस्तित्व बिलकुल अज्ञात रहा है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि मेरा उनपर दावा आपके खानसामे से अधिक नहीं है और जब मिस वर्जिनिया बड़ी हो जायेगी, तो मुझे लगता है उसको इन खूबसूरत चीजों को पहनने में बहुत ख़ुशी होगी। इसके अलावा, आप भूल रहे हैं मिस्टर ओटिस कि आपने साज–सामान और उस भूत को एक रकम देकर लिया था और कोई भी चीज जो भूत की थी वह तुरंत आपके कब्जे में चली आती है, क्योंकि रात के वक्त सर साइमन ने जिस गतिविधि को गलियारे में दिखाया, विधिक बिंदु से वह असल में मृत थे और आपने उनकी संपत्ति को खरीदकर पा लिया है।"

मिस्टर ओटिस लॉर्ड कैंटरविल के इनकार पर काफी ज्यादा परेशान हो गये और उन्होंने उनसे इस निर्णय पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया, लेकिन उनके भलमानस मित्र[147] बिलकुल अडिग थे और आखिर में उन्होंने मिनिस्टर को अपनी बेटी द्वारा भूत के दिए गए तोहफे को रखने की इजाजत देने के लिए राज़ी कर लिया और जब 1890 की वसंतऋतु में, चेशायर की युवा डचेस[148] को अपने विवाह के अवसर पर महरानी का प्रथम बैठक–कक्ष में प्रस्तुत किया गया, तो उसके आभूषण सभी की सराहना का विषय थे-- क्योंकि वर्जिनिया को मुकुट मिल गया था, जो सभी अच्छी

---

147 लॉर्ड कैंटरविल।

148 यहाँ इशारा किया जा रहा है कि वर्जिनिया चेशायर के ड्यूक से शादी के लिए राज़ी हो गई थी।

नन्ही अमेरिकी लड़कियों के लिए पुरस्कार होता है[149] और उसका विवाह अपने प्रेमी से हो गया था, जैसे ही वह वयस्क हो गया। वे दोनों ही इतने आकर्षक थे और वे एक–दूसरे से इतना प्यार करते थे कि हर कोई जोड़े से बहुत खुश था, -- सिवाय डम्बलटन की मार्शनेस[150] के जिन्होंने ड्यूक को अपनी सात अविवाहित बेटियों में से किसी एक के लिए फंसाने की कोशिश की थी और इस मकसद के लिए कम–से–कम तीन महँगे रात्रि–भोज आयोजित किये थे और अजीब बात यह है कि उन्होंने इन आयोजनों में स्वयं मिस्टर ओटिस को भी आमंत्रित किया गया था। मिस्टर ओटिस व्यक्तिगत रूप से युवा ड्यूक को बहुत पसंद करते थे, लेकिन सैद्धांतिक रूप से उपाधियों का विरोध करते थे और यदि उनके खुद के शब्दों का इस्तेमाल किया जाये तो वे "बिना आशंका के नहीं थे कि कहीं *आराम–पसंद अभिजातता* के कमजोर कर देने वाले प्रभाव में, *गणतंत्रवादी सरलता* के सच्चे सिद्धांत भुला न दिए जाएँ"[151]। लेकिन, उनकी असहमति पूरी तरह बदल गई, और मुझे लगता है कि जब वह हैनोवर स्क्वायर के सेंट जॉर्ज गिरजाघर के गलियारे में चल रहे थे और उनकी बेटी ने उनकी बाँहों पर टेक ले रखा था[152],

[149] अर्थात सभी अमेरिकी लड़कियों के लिए डचेस बनने का गौरव एक पुरस्कार जैसा होता है।

[150] Marchioness- ड्यूक से नीची पदवी परन्तु काउंट से ऊंचे ओहदे वाले कुलीनजन मार्क्विस (marquis) की पत्नी।

[151] ओटिस को डर था कि कहीं उनकी बेटी डचेस बनकर, सुखद जीवन शैली में अपने सरलतापूर्ण संसकारों को न भूल जाये।

[152] ईसाई धर्म में रिवाज है कि लड़की का पिता विवाह के समय लड़की को पादरी और दूल्हे के पास गिरजाघर के मंच पर लेकर जाता है।

तो पूरे इंगलंड के किसी भी कोने में उनसे ज्यादा गर्वित कोई भी आदमी नहीं था।

मधुमास ख़त्म होने के बाद, ड्यूक और डचेस कैंटरविल चेज़ गए और अपने आगमन के अगले दिन, वे दोपहर में पाइन के जंगलों के पास एकांत कब्रिस्तान की ओर चले गए। शुरुआत में, सर साइमन की कब्र के शिलालेख के लिए काफी दिक्कत हुई थी, लेकिन अंत में यह तय किया गया कि उसपर केवल बूढ़े सज्जन का नाम और पुस्तकालय की खिड़की की कविता की नक्काशी की जाए। डचेस अपने साथ कुछ खूबसूरत गुलाबों को लेकर आई थी, जिनको उसने कब्र पर बिखेर दिया और कुछ देर तक उसके बगल में खड़े रहने के बाद वे टहलते हुए प्राचीन मठ के खण्डहर चैन्सेल[153] में चले गए। वहाँ डचेस एक गिरे हुए खम्भे पर बैठ गई, जिस दौरान उसका पति उसके पैरों के पास बैठकर सिगरेट पी कर रहा था और उसकी खूबसूरत आँखों की ओर देख रहा था। अचानक उसने अपनी सिगरेट को दूर फेंक दिया, उसके हाथ को लिया और उससे कहा, "वर्जिनिया, एक पत्नी को अपने पति से कोई राज नहीं रखने चाहिए।"

"प्यारे सेसील! मैंने तुमसे कोई राज नहीं रखे हैं।"

"हाँ, तुमने रखे हैं," उसने मुस्कराते हुए जवाब दिया, "तुमने मुझे कभी नहीं बताया कि तुम्हारे साथ क्या हुआ था जब तुम उस भूत के साथ कैद थी।"

---

[153] Chancel-गिरजाघर का पूर्वी भाग जिसमें वेदी और प्रवचन मंच इत्यादि होते हैं,, जहाँ रीतियों-रस्मों को किया जाता है।

"मैंने इसे किसी से भी नहीं बताया है, सेसील," वर्जिनिया ने गंभीरतापूर्वक कहा।

"मैं यह जानता हूँ, लेकिन तुम मुझे बता सकती हो।"

"कृपया मुझसे मत पूछो, सेसील, मैं तुम्हें नहीं बता सकती हूँ। बेचारे सर साइमन! मैं उनकी बहुत एहसानमंद हूँ। हाँ-- हँसो मत, सेसील, मैं वाकई में हूँ। उन्होंने मुझे दिखाया कि जिंदगी क्या है और मौत क्या दर्शाती है और प्यार क्यों उन दोनों से ताकतवर है।"

ड्यूक उठा और उसने अपनी पत्नी को प्रेम से चूमा।

"तुम अपना राज रख सकती हो जब तक मेरे पास तुम्हारा दिल है," वह बुदबुदाया।

"वह हमेशा ही तुम्हारे पास रहा है, सेसील।"

"और तुम हमारे बच्चों को किसी दिन यह बताओगी, है न?"

वर्जिनिया शरमा गई।

~समाप्त~